khabardrishtikon@gmail.com https://khabardrishtikon.com/ https://l.facebook.com khabardrishtikon.com

KD NEWS सच का सामना

लखनऊ

हिन्दी दैनिक

# खबर दृष्टिकोण

समाचार ही नहीं, विश्वास भी...

सोमवार – 03 जुलाई 2023

वर्ष : 02 – अंक : 252

पृष्ठ–8 मूल्य – 1:00 रूपये

आरएनआई : UPHIN/2021/82210



2 संदिग्ध अवस्था मे बाबा का मिला फांसी पर लटकता शव....

3 बच्चे पहुँचे शहर के स्कूल तो खिल उठे चेहरे...

5 गुरु की आराधना ही प्रशस्त करती है ईश्वर के...

## एनडीए की एकता को धार, पिछड़ों के सहारे होगी 2024 की नैया पार

### अपना दल के मंच से दिया एकता का संदेश

**आरपीआई के अध्यक्ष और केंद्रीय राज्यमंत्री रामदास आठवले ने कहा कि एनडीए भाजपा के नेतृत्व में मजबूत है। विरोधी दल के अखिलेश बोल रहे हैं, यह लड़ाई पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक वर्ग की है।**



लखनऊ। अपना दल (एस) के संस्थापक डॉ. सोनेलाल पटेल के जयंती समारोह के मंच से भाजपा के नेतृत्व वाले राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (एनडीए) के नेताओं ने लोकसभा चुनाव के लिए अपनी एकता को धार दी। पिछड़े वर्ग के वोटों को लेकर सत्तापक्ष और विपक्ष में चल रही रस्साकसी के बीच गृहमंत्री अमित शाह और मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने बीते नौ वर्ष में पिछड़े वर्ग के लिए लागू योजनाएं गिनाईं और संदेश दिया कि 2024 की नैया पिछड़े वर्ग के सहारे ही पार होगी। लोकसभा चुनाव 2014 से लेकर विधानसभा चुनाव 2022 तक प्रदेश में एनडीए की जीत में पिछड़े वर्ग के वोटों की बड़ी भूमिका रही है। अब सभी दल मान चुके हैं कि यूपी में आगे रहने के लिए पिछड़ों का सहारा जरूरी है। सपा मुखिया अखिलेश यादव ने जहां पीडीए (पिछड़ा, दलित और अल्पसंख्यक वर्ग) की एकता का नारा दिया है। वहीं, मंच से अपना दल (एस) की राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुप्रिया पटेल ने एनडीए की एकता की मिसाल देते हुए कहा कि यूपी में भाजपा और अपना दल (एस) का गठजोड़ सबसे लंबे समय तक चलेगा। सामाजिक न्याय विपक्षी दलों के लिए प्रतिबद्धता का विषय नहीं हैं। आरपीआई के अध्यक्ष और केंद्रीय राज्यमंत्री रामदास आठवले ने कहा कि एनडीए भाजपा के नेतृत्व में मजबूत है। विरोधी दल के अखिलेश बोल रहे हैं, यह लड़ाई पिछड़े, दलित और अल्पसंख्यक वर्ग की है। उन्होंने कहा कि पिछड़ा वर्ग 80 फीसदी से ज्यादा एनडीए के साथ है। दलित समाज भी बड़ी संख्या में एनडीए के साथ है। बसपा की यूपी में हालत खराब होती जा रही है। सीएम योगी ने भी एनडीए शासन में पिछड़े वर्ग के लिए लागू योजनाओं को ही सच्चे अर्थ में सामाजिक न्याय बताया। केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने कहा कि मोदी सरकार ने नौ साल में विशेष तौर पर पिछड़ा समाज के लिए काम किया है। केंद्रीय मंत्रिपरिषद में सर्वाधिक पिछड़े मंत्रियों और एनडीए में सबसे अधिक पिछड़े वर्ग के सांसदों का होना बड़ी उपलब्धि है। ओबीसी आयोग को सांविधानिक दर्जा, नीट में पिछड़े वर्ग को आरक्षण दिलाने जैसी उपलब्धियां भी गिनाईं।

**अगड़े, पिछड़े व दलित वर्ग के चेहरों से सजा मंच**

मंच पर सभी प्रमुख अगड़ी, पिछड़ी और दलित जातियों के नेता दिखे। अनुप्रिया पटेल के साथ कुर्मी समाज से जलशक्ति मंत्री स्वतंत्र देव सिंह और राकेश सचान मंच पर थे। मौर्य, शाक्य, सैनी समाज से उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, जाट समाज से भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष भूपेंद्र सिंह चौधरी, लोधी समाज से बेसिक शिक्षा राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार संदीप सिंह, निषाद पार्टी के अध्यक्ष संजय निषाद भी मंच पर थे। दलित वर्ग से आरपीआई के अध्यक्ष रामदास आठवले, प्रदेश की महिला बाल कल्याण मंत्री बेबीरानी मौर्य, सांसद पकौड़ीलाल कोल भी मंच पर थे।

## शिंदे अस्थायी मेहमान, महाराष्ट्र को जल्द मिलेगा नया सीएम : राउत

मुंबई। महाराष्ट्र में राजनीतिक भूचाल की धूल हवा में मंडराने के एक दिन बाद, विपक्षी महा विकास अघाड़ी युद्ध के मूड में आ गई है। सोमवार को शिवसेना (यूबीटी) सांसद और मुख्य प्रवक्ता संजय राउत ने भविष्यवाणी की है कि राज्य को जल्द ही नया मुख्यमंत्री मिलेगा। मीडियाकर्मियों से बात करते हुए, राउत ने कहा कि शिवसेना के सीएम एकनाथ शिंदे के दिन अब गिने–चुने रह गए हैं, उनकी सहयोगी बीजेपी को भी इस बात का एहसास हो गया है। राउत ने कहा, वह एक अस्थायी मेहमान (कुछ दिनों का मेहमान) हैं। शिंदे सहित 16 विधायकों की अयोग्यता पर स्पीकर का फैसला जल्द आना है। बीजेपी को एहसास हो गया है कि शिंदे की उपयोगिता खत्म हो गई है और एनसीपी में फूट पड़ गई है बाद में अपनी स्थिति को सुरक्षित रखना है। सेना (यूबीटी) नेता ने कहा कि अजित पवार रिकॉर्ड 5वीं बार डिप्टी सीएम बने हैं, लेकिन उनका लक्ष्य बड़ा है, सीएम का पद। राउत ने दोहराया, स्पीकर के फैसले के बाद, राज्य में सत्ता परिवर्तन होगा और अजीत पवार का सौदा शीर्ष पद के लिए है। राज्य को जल्द ही एक नया सीएम मिलेगा। उन्होंने कहा कि मई में कर्नाटक में मिली हार से भाजपा बौखला गई है और हाल के सभी सर्वेक्षण यह संकेत दे रहे हैं कि जब भी यहां चुनाव होंगे तो महाराष्ट्र में उसकी और भी बुरी पराजय होगी। उन्होंने घोषणा की, यह सब राज्य में अपनी स्थिति बचाने के लिए किया जा रहा है। पहले उन्होंने शिवसेना को तोड़ा और अब उन्होंने राकांपा को विभाजित कर दिया है, लेकिन राज्य के लोग यह सब देख रहे हैं और उन्हें नहीं बख्शेंगे। सरकार के कान खींचते हुए, राउत ने अफसोस जताया कि रविवार (2 जुलाई) को, शनिवार तड़के बुलढाणा बस त्रासदी के 25 (26 में से) पीड़ितों के शव, जो राज्य के विभिन्न हिस्सों से थे, का सामूहिक दाह संस्कार किया जा रहा है। राउत ने कहा, जैसे ही उनकी चिताएं जलीं, मुंबई में राजभवन में जहां नए उपमुख्यमंत्री और मंत्रियों ने शपथ ली, वहां खुशियां मनाई गईं, हाथ मिलाया गया और गले मिले... यह अनुचित था, उन्हें कम से कम अपने जश्न से पहले दाह संस्कार की आग बुझने का इंतजार करना चाहिए था।

## विपक्षी एकता की कवायद में जुटे अखिलेश यादव ने केसीआर से की मुलाकात

### अखिलेश बोले- सबका एक लक्ष्य, बीजेपी को हटाना



नई दिल्ली। देश में विपक्ष लोकसभा चुनाव से पहले केंद्र की सत्ता में बैठी मोदी सरकार को हटाने के लिए एकजुट होकर चुनावी जंग जीतने की तैयारी में लगा है। पिछले दिनों बिहार की राजधानी पटना में हुई विपक्ष की बैठक के बाद अब समाजवादी पार्टी (सपा) के प्रमुख अखिलेश यादव तेलंगाना के मुख्यमंत्री के. चंद्रशेखर राव (KCR) से हैदराबाद पहुंचकर मुलाकात की। तेलंगाना के मुख्यमंत्री केसीआर से मुलाकात करने से पहले अखिलेश यादव ने मीडिया से बातचीत में इस विजिट के बारे में पूछे जाने पर कहा, ‘अभी तो यह सिर्फ मुलाकात है इसके बाद ही कुछ बता पाउंगा, लेकिन हम सभी का एक लक्ष्य है कि देश से भाजपा जाए३ हम सभी लोग मिलकर भाजपा को हटाना चाहते हैं। अखिलेश यादव समेत बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार, ममता बनर्जी साउथ के नेताओं के साथ मिलकर सबको एक मंच पर लाने की कोशिश में लगे हैं। इससे पहले भी अखिलेश यादव दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल, पश्चिम बंगाल की सीएम ममता बनर्जी समेत कई नेताओं से वन–टू–वन मीटिंग कर चुके हैं।

## भाजपा सत्ता के मोह में देश के कई राज्यों में जनादेश के विपरीत अलोकतांत्रिक हथकण्डे अपना रही : प्रमोद तिवारी



लखनऊ। प्रमोद तिवारी, सांसद, उप नेता राज्य सभा, एवं सदस्य, केन्द्रीय कांग्रेस स्टीयरिंग कमेटी ने कहा है कि महाराष्ट्र में एनसीपी में हुई टूटन के राजनैतिक घटनाचक्र को भारतीय जनतापार्टी द्वारा जनता के जनादेश के साथ लोकतंत्र पर अविश्वसनीयता का एक और जीता जागता उदाहरण बताया है। उन्होने कहा है कि भाजपा सत्ता के मोह में देश के कई राज्यों में जनादेश के विपरीत अलोकतांत्रिक हथकण्डे अपना रही है। श्री तिवारी ने कहा कि संविधान मे वर्णित प्राविधान की अनदेखी कर राजनैतिक विभाजन की प्रक्रिया के विपरीत आनन फानन मे महामहिम राज्यपाल जी द्वारा उप मुख्यमंत्री पद पर अजीत पवार व कुछ अन्य मंत्रियों को शपथ दिला दी गयी। एनसीपी के बागी गुट का न तो महामहिम राज्यपाल को विधायकों की सूची सौंपी गयी और न ही दर्शायी गयी संख्या का संवैधानिक परीक्षण कराने की आवश्यकता ही समझी गयी। भारतीय जनतापार्टी ने महाराष्ट्र में पहले श्री उद्धव ठाकरे की शिवसेना और अब शरद पवार जी की पार्टी को सत्ता मे बने रहने के लिए तोडने का अनैतिक आचरण दोहराया है। श्री तिवारी ने कहा कि कर्नाटक में भी सत्ता के अनैतिक गठजोड़ के लिए तोडफोड की राजनीति को लेकर हाल ही मे भाजपा ने ऐसे हथकण्डों के दुष्परिणाम की कीमत चुकायी है। और अब महाराष्ट्र मे भी आगामी चुनाव में भाजपा का पूरी तरह सफाया तय हो गया है।

श्री तिवारी ने कहा कि अभी हाल ही में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने मध्य प्रदेश के भोपाल में कहा था कि एनसीपी में सत्तर हजार करोड़ रुपये का घपला करने वाले जेल भेजे जाएंगे। किन्तु माननीय प्रधानमंत्री जी ने घपला करने वालों को जेल तो नही भेज पाये बल्कि इन्हें मंत्री जरूर बना दिया। उन्होने कहा कि देष भर में जिस तरह से विपक्षी एकता को जनता की विश्वसनीयता मिल रही है उससे भाजपा को सत्ता से बाहर होने का डर सताने लगा है। श्री तिवारी ने कहा कि भारतीय जनतापार्टी सत्ता के लिए लोकतंत्र पर जिस तरह से चोट कर रही है समय आने पर जनता इसका करारा जवाब देगी। श्री तिवारी ने सब्जियों के दाम, विषेषरूप से टमाटर के मूल्य सैकड़ा पार करने पर महंगाई कम करने का दम्भ भरने वाली मोदी सरकार का जनता के साथ एक और धोखा बताया है, उन्होंने कहा कि सरकारी संस्थाएं और सरकारी एजेन्सियां टमाटर की उचित मूल्य पर खरीददारी नही कर रही है।

## वंदे भारत ट्रेनों के रखरखाव के लिए नए शेड के निर्माण का रास्ता साफ, केजरीवाल सरकार ने दी मंजूरी



नई दिल्ली। दिल्ली में वंदे भारत ट्रेनों के लिए नए रखरखाव शेड के निर्माण को अरविंद केजरीवाल सरकार ने मंजूरी दे दी है। सीएम केजरीवाल ने इस परियोजना के निर्माण के लिए वृक्षों की हटाई और स्थानांतरण की अनुमति देने के लिए आदेश जारी कर दिया है। नया ट्रेन शेड शकूरबस्ती में बनाने का निर्णय लिया गया है। दिल्ली का शकूरबस्ती रेलवे शेड वंदेभारत ट्रेन की मरम्मत के लिए वैश्विक स्तर का हब बनने जा रहा है। यहां एक साथ 17 वंदे भारत ट्रेनसेट का रखरखाव किया जा सकेगा। सीएम अरविंद केजरीवाल ने कहा कि रेलवे को आधुनिक इंफ्रास्ट्रक्चर की जरूरत है, देश को बेहतर सुविधाएं देने के लिए प्रस्ताव स्वीकार किया गया है। जानकारी के मुताबिक, इसके निर्माण के लिए करीब 70 वृक्षों को प्रत्यारोपित किया जाएगा। इसके साथ ही आठ वृक्षों को साइट से हटाया भी जाएगा। इन वृक्षों के बदले में 780 नए पौधों को लगाया जाएगा। अनुसंधान अभिकल्प एवं मानक संगठन (आरडीएसओ) के सहयोग से तैयार हो रहे इस शेड में एक साथ पूरी ट्रेन को ऊपर की तरफ लिफ्ट किया जाएगा, न कि एक–एक कोच को, जबकि अभी तक रेलवे के दूसरे शेड में अलग–अलग कोच का रखरखाव होता है। इसका फायदा यह होगा कि ट्रेन अगर लेट भी होती है तो वापसी की दिशा में ट्रेन की रवानगी देरी से नहीं होगी। अधिकारियों के मुताबिक, इसके निर्माण की आखिरी अड़चन भी अब दूर हो गई है।

राष्ट्रीय महत्व का प्रोजेक्ट होने से दिल्ली सरकार ने यहां से पेड़ों को हटाने की अनुमति दे दी है। रेलवे अपनी तरह के पहले इस शेड को तीन लेयर में तैयार कर रहा है। इससे ज्यादा से ज्यादा संख्या में ट्रेन सेट का रखरखाव हो सकेगा। ट्रेन सेट डिपो अपनी नई रखरखाव सुविधा के निर्माण के साथ ट्रेनसेट रखरखाव के लिए नए मानक स्थापित करेगा।

## पीएम मोदी 8 जुलाई को तेलंगाना में कई परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे



हैदराबाद। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी वारंगल जिले के हनमकोंडा में रेलवे वैगन विनिर्माण इकाई की आधारशिला रखने के लिए 8 जुलाई को तेलंगाना का दौरा करेंगे। प्रधानमंत्री के दौरे को लेकर केंद्रीय पर्यटन और संस्कृति मंत्री ने कहा कि 8 जुलाई को मोदी इस इकाई के साथ ही निश्चित समयांतराल पर रेलवे कोच की ओवरहालिंग सुविधा की आधारशिला भी रखेंगे। राज्य में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने हैं। उन्होंने इकाई स्थापित होने वाली जगह का दौरा करने के बाद यह घोषणा की। उन्होंने दक्षिण मध्य रेलवे और अन्य विभागों के वरिष्ठ अधिकारियों के साथ प्रधानमंत्री की यात्रा की तैयारियों की समीक्षा की।केंद्रीय मंत्री ने कहा कि इकाई की क्षमता प्रति माह 200 वैगन बनाने की होगी। रेल कोच फैक्ट्री की बजाय प्रधानमंत्री ने तेलंगाना के लिए एक वैगन विनिर्माण इकाई को मंजूरी दी है। उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री की अनुमति से इकाई के विवरण की घोषणा की जाएगी। उन्हें उम्मीद है कि यह इकाई क्षेत्र के बेरोजगारों को रोजगार के अवसर प्रदान करेगी। केंद्रीय मंत्री ने भारतीय राष्ट्रीय राजमार्ग प्राधिकरण (एनएचएआई) के जिला कलेक्टर और राज्य सरकार के अधिकारियों के साथ भी बैठक की। प्रदेश भाजपा अध्यक्ष बंदी संजय कुमार और पार्टी के अन्य नेताओं के साथ उन्होंने चल रही परियोजनाओं और प्रधानमंत्री की यात्रा की तैयारियों की समीक्षा की। केंद्रीय मंत्री ने मीडियाकर्मियों को बताया कि प्रधानमंत्री विभिन्न परियोजनाओं का शिलान्यास करेंगे। वह वारंगल के आर्ट्स कॉलेज मैदान में एक जनसभा को भी संबोधित करेंगे। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री 5,587 करोड़ रुपये की लागत से राजमार्ग विकास कार्यों की आधारशिला रखेंगे। वह 1,127 करोड़ रुपये की लागत से विकसित होने वाले एक नए राजमार्ग की भी आधारशिला रखेंगे। उन्होंने आरोप लगाया कि तेलंगाना में भारत राष्ट्र समिति (बीआरएस) सरकार राज्य के प्रति भेदभाव का आरोप लगाकर केंद्र को बदनाम करने की कोशिश कर रही है। उन्होंने कहा कि केंद्र किसी भी राज्य के साथ भेदभाव नहीं कर रहा है। केंद्रीय मंत्री ने कहा कि केंद्र की भाजपा सरकार राजमार्गों के विकास और बुनियादी ढांचे में सुधार के लिए सभी कदम उठा रही है।



## परिजनों ने लगाया हत्या का आरोप

# संधिक्त अवस्था मे बाबा का मिला फांसी पर लटकता शव

## मंदिर निर्माण को ले कर चल रहा था परिजनों से विवाद



### कार्यवाही न करने पर भड़के परिजन

**मृतक की पत्नी व पिता ने पुलिस के द्वारा कार्यवाही न करने पर एस पी से लगाई गुहार**

कदौरा / जालौन, मृतक की पत्नी ममता व पिता रामप्रकाश ने पुलिस के द्वारा कार्यवाही न करने पर थाने के बाहर हंगामा काट दिया उन्होंने आरोप लगाते हुये बताया कि पुलिस हमको व गांव वालों को भगा रहे है और कार्यवाही नही कर रहे है अब हम लोग एस पी को अवगत करवा कर कार्यवाही की मांग करेंगे



कदौरा / जालौन, मृतक के परिजनों पत्नी ममता व पिता रामप्रकाश ने आरोप लगाते हुये बताया भूरा बाबा अपनी ही जमीन पर मंदिर का निर्माण कराया जा रहा था और हनुमान जी की मूर्ति भी स्थापित कर दी गई थी जिनमे उक्त लोगो ने मूर्ति निकाल कर बाहर फिकवा दी और भगवान की मूर्ति का अपमान किया। जिसमे मंदिर निर्माण व मूर्ति को बाहर फेकने को लेकर विवाद हुआ और परिवार के ही लोगो ने बाबा की हत्या की है जिसमे मंदिर के प्रांगण में आरोपी की चप्पल से पहचान भी हुई है मगर पुलिस कार्यवाही नही कर रही है।



कदौरा / जालौन, मृतक भूरा बाबा के दो बेटे अजय 17 बर्ष,व कौशल13 बर्ष एवं दो बेटियां प्रियांशी 13 बर्ष,क्रांति 11 बर्ष व पत्नी ममता का रो रो कर बुरा हाल है

संवाददाता अंकित कुमार द्विवेदी खबर दृष्टिकोण

कदौरा / जालौन। मंदिर निर्माण को लेकर हुए विवाद पर पुलिस द्वारा समझौता करवा कर मामला शांत करवा दिया था और दोनो पक्ष वापस अपने गांव लौट गए थे । बीती रात बुंदेलखंड केसरी के भाई का शव गांव से दो किलोमीटर दूर संदिग्ध अवस्था में एक पेड़ पर फांसी में झूलता मिला जिसे देख कर गांव में हड़कंप मच गया परिजनों ने चाचा एवम चचेरे भाइयों पर हत्या का आरोप लगाया वही थाने पहुँचे परिजनों को पुलिस ने समझा बुझा कर कार्यवाही करने आश्वासन दिया और शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया थाना क्षेत्र के ग्राम बड़ागांव



निवासी बाबूलाल निषाद पहलवानी के लिए बुंदेलखंड में विख्यात है और वह बुंदेलखंड केसरी के नाम से चर्चित है उनके चचेरे भाई भूरा पुत्र रामप्रकाश 40 वर्ष पत्नी ममता एवं पुत्र अजय कौशल पुत्री प्रियांशी एवं क्रांति के साथ खेती का काम करते जीवन यापन कर रहा था विगत दिनों भूरा ने अपने खेत की जमीन पर एक बजरंगबली का मंदिर बनाने के लिए मूर्ति की स्थापना की थी लेकिन उक्त मंदिर का विरोध उन्हीं के चाचा राम सजीवन एवं उनके पुत्र राजू व रामू कर रहे थे बताया जाता है कि मंदिर निर्माण शुरू होते ही चाचा एवं उसके चचेरे भाइयों ने स्थापित मूर्ति को उखाड़ कर दूसरी जगह फेक दिया था और विरोध करने पर भूरा के साथ मारपीट करने लगे थे जिसकी शिकायत उसने थाने में की तो पुलिस ने दोनों पक्षों को आपस मे समझौता कराते हुए रविवार रात 10रू00 बजे दोनो पक्षो को वापस गांव भेज दिया और शनिवार सुबह भूरा का शव गांव से2 किलोमीटर दूर एक खेत में लगे नीम के पेड़ पर संधिक्त अवस्था में लटकता मिला जब इसकी जानकारी परिजनों को हुई तो वह घटनास्थल पर पहुंचे तो वहां देखा कि लगभग 20 से 25 मीटर घसीटने के निशान मिलने पर हत्या की आशंका जताई और सैकड़ें की संख्या में महिला एवं पुरुष ग्रामीण घटनास्थल पर पहुंचे और पुलिस को शिकायती पत्र देकर कार्यवाही की मांग की पुलिस ने मृतक के परिजनों एवं ग्रामीणों को कार्यवाही का आश्वासन देकर शव को थाने लाकर पंचनामा भर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है इस संबंध में थाना अध्यक्ष अजय कुमार सिंह ने जानकारी देते हुय बताया कि शव को पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है जाँच की जा रही पीएम की रिपोर्ट आने के बाद कार्यवाही की जाएगी।

## गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य में बबीना में अलग-अलग देवस्थलों में पूजा अर्चना के साथ हुआ भंडारे का आयोजन

संवाददाता अंकित कुमार द्विवेदी खबर दृष्टिकोण

कदौरा। कदौरा क्षेत्र के ग्राम बबीना में अन्नपूर्णा मंदिर में प्रति वर्ष की भांति मां अन्नपूर्णा मंदिर में श्रद्धालुओं ने अनाज प्रसाद चढ़ाकर माथा टेका बबीना क्षेत्र में इकलौता अन्नपूर्णा मंदिर होने की वजह से आसपास के गांव से भक्त आते हैं जो मां अन्नपूर्णा के दर्शन कर माता रानी से भंडार भरे रहने की मनोकामना करते हैं बबीना में हर वर्ष मां अन्नपूर्णा मंदिर में मेला लगता है और भंडारा भी होता है सभी क्षेत्रवासी ज्यादा से ज्यादा संख्या में पहुंचकर माता रानी के दर्शन करते हैं एवं भंडारे का प्रसाद ग्रहण करते हैं एवं मेले का भी लुफ्त उठाते हैं साथ ही साथ मेले में खरीदारी करते हैं अन्नपूर्णा मंदिर में समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से गुरु पूर्णिमा





का पर्व बड़े ही हर्ष के साथ मनाया जाता है सुबह से ही अन्नपूर्णा के मंदिर में पूजा अर्चना का कार्य शुरू हो जाता है सभी गांव के एवं आस पास के गांव से आए हुए भक्त भंडारे का प्रसाद ग्रहण करते हैं ग्रामवासी उमाकांत दुबे गौरव उपाध्याय पूर्व प्रधान लालमन यादव लव कुश द्विवेदी पवन दुबे बाबू सिंह यादव कालीचरण कुशवाहा सत्येंद्र सिंह भारत यादव लल्ला प्रजापति देवेंद्र शिवदास रविंद्र यादव तुलसीराम एवं समस्त ग्राम वासियों के सहयोग से भंडारा संपन्न हुआ

**बाल्मीकि मंदिर में भंडारे का आयोजन हुआ**

बबीना में गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष में महर्षि वाल्मीकि मंदिर में गुरु स्वर्गीय श्री 1008 दंडी स्वामी हंस आनंद सरस्वती महाराज जी के शिष्य सुरेश सिंह राजावत उर्फ बाबूजी द्वारा बाल्मीकि मंदिर बबीना में भंडारे का आयोजन करवाया गया बाल्मिक मंदिर में सुबह से ही पूजा अर्चना के साथ भंडारा चलता रहा समस्त ग्राम वासियों ने बाल्मीकि मंदिर पहुंचकर प्रसाद ग्रहण किया सुरेश सिंह राजावत और बाबूजी झलोखर मेंइंटर कॉलेज में शिक्षक के पद पर सेवानिवृत रहे हैंऔर इनका अखाड़ा भी जलकर मेंचलता है सुरेश सिंह पहलवान के शिष्य राजकुमार पहलवान ने बताया कि गुरु पूर्णिमा के उपलक्ष्य मेंगुरु जी ने अपने निज गांव बबीना में बाल्मिक मंदिर में भंडारे का आयोजन करवाया है सुरेश सिंह राजावत के भतीजे आकाश राजावत ने बताया कि गुरु की भूमिका मनुष्य के जीवन मेंबहुत ही महत्व रखती है शास्त्रोंमेंभी मनुष्य की जिंदगी में गुरु का स्थान ही सर्वप्रथम माना गया है

### निगोहा में बिजली पोल से गिरकर संविदाकर्मी की मौत

मोहनलालगंज।निगोहां के बाजपेई खेड़ा गांव में पोल पर चढ़ा संविदाकर्मी गिरकर बेसुध हो गया।सूचना पर पहुचे विभागीय अधिकारियों ने संविदाकर्मी को सिविल अस्पताल में भर्ती कराया जहाँ इलाज के दौरान मौत हो गई।निगोहा सब स्टेशन के जेई आशुतोष ने बताया कि सोमवार उन्हें सूचना मिली कि संविदाकर्मी बुद्धि लाल बाजपेई खेड़ा में काम करते हुए बिजली पोल से गिर गए है।जिसके बाद मौके पर पहुचकर कर्मी को सीएचसी ले गए जहाँ से सिविल अस्पताल में भर्ती कराया गया।जहां इलाज के दौरान मौत हो गई।जेई ने बताया कि बुद्धि लाल शिर्ष गांव के रहने वाले है। सोमवार को बगल के गांव में कृपा शंकर गोस्वामी के दरवाजे लगे पोल पर चढ़कर कुछ काम कर रहे थे।इसके बारे में जब सब स्टेशन पर जानकारी की गई तो वहां कोई कम्प्लेन नही नोट थी और किसी प्रकार का संविदा कर्मी ने शटडाउन नही लिया था।चलती हुई लाइन पर काम करने की वजह से करंट की चपेट में आकर नीचे गिर गए जिसके चलते मौत हो गई पूछताछ में मौके पर किसी ने कोई कम्प्लेन की बात स्वीकार नही की है।फिलहाल पूरे मामले की जांच की जा रही है।

## अवैध मिट मांस की दुकानों पर चला नगर निगम का बुलडोजर

खबर दृष्टिकोण आलमबाग। नगर निगम जोन आठ नगर निगम प्रवर्तन टीम द्वारा तेलीबाग कैंट रोड पर अवैध रूप से संचालित दर्जनों की संख्या में मांस मिट की दुकानों पर अभियान चला ध्वस्तीकरण कराया गया। नगर निगम जोन आठ जोनल अधिकारी अजीत राय के नेतृव में सोमवार दोपहर तेलीबाग कैंट रोड स्थित अवैध रूप से दर्जनों की संख्या में लगने वाली मांस मिट की दुकानों पर अतिक्रमण अभियान चला उनके सामानो को जब्त कर लिया गया और दुकाने बंद करवाई कई गई। इसी क्रम में रायबरेली रोड कालिंदी पार्क के सामने लगे फुटपाथ की दुकानों



को अतिक्रमण मुक्त कराया गया। इस दौरान जोनल अधिकारी समेत आरआई प्रभाकर एवं 290 टीम अभियान में सम्मलित रही। नगर निगम जोनल अधिकारी अजीत राय ने बताया कि दुकानदारों को पूर्व में ही दुकाने हटवाने का नोटिस जारी किया गया था इसके बावजूद नगर निगम स्थल पर दुकाने लग रही थी जिसपर अभियान चला दुकानों को हटवाया गया है।

## बाइक चोरी करते हुए ग्रामीणों ने दौड़ाकर एक को दबोचा

मोहनलालगंज। सिसेण्डी मे रविवार की देर रात घर के सामने खडी बाईक चोरी करते दो युवको को लोगो ने दौडा लिया, एक युवक को लोगो ने पकडकर पुलिस के हवाले कर दिया जबकि साथी फरार हो गया। सिसेण्डी के टेंट व्यवसाई विशाल गुप्ता ने बताया कि रविवार की रात दस बजे घर के बाहर खडी बाईक का लाक एक युवक तोड रहा था। जबकि उसका साथी कुछ दूरी पर खडा था था, खटपट की आवाज सुनकर जब वह बाहर आया तो बाईक का हैन्डिल लाक तोड रहा युवक साथी के साथ भागने लगा, शोर सुनकर आए लोगो ने भाग रहे युवको का पीछा कर एक युवक को दबोच लिया, लोगो ने मामले की सूचना पुलिस कंट्रोल रूम को दी, मौके पर पहुँची पुलिस पकडे गये युवक को थाने ले आई, पकडे गये युवक ने अपना नाम अंकित बताया है। इंस्पेक्टर संतोष कुमार आर्य के मुताबिक पकडे गये युवक से पूछताछ की जा रही है, तहरीर मिलने पर केस दर्ज किया जाएगा।वही ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि मोहनलालगज में एक माह के भीतर कई बाइके चोरी हो चुकी है।

### खबर एक नजर में

## सावन में लखनऊ के मनकामेश्वर मंदिर जाएँ, तो ड्रेस कोड को लेकर जरूर जाने ये बातें !

खबर दृष्टिकोण लखनऊ। सावन का पवित्र महीना 4 जुलाई से शुरू होने जा रहा है और इसका समापन 31 अगस्त को होगा, इस बार अधिकमास की वजह से सावन 59 दिनों का होगा. इस खास मौके पर मंदिरों को सजाया व संवारा जा रहा है. वहीं प्रशासन भी अपने स्तर से सभी व्यवस्थाओं को दुरुस्त करने में लगा है देवालयों में पूरे सावन के महीने में भारी



इसके लिए साफ-सफाई और सुरक्षा के खास इंतजाम किए गए हैं। लखनऊ के मनकामेश्वर महादेव मंदिर में लोगों की भारी भीड़ होती है यहां दूर दूर से भक्त अपनी मनोकामना लेकर आते हैं. यहां की व्यवस्था को दुरुस्त रखने के लिए प्रशासन पूरे जोश के साथ काम कर रहा है. मनकामेश्वर मंदिर में दूध चढ़ाने की परंपरा है. दूध को एक पात्र में एकत्र कर उसकी खीर बनाकर लोगों को प्रसाद के तौर पर दी जाती है. इसके लिए खास इंतजाम किए गए हैं. लखनऊ के मनकामेश्वर मंदिर के महंत देव्यागिरी ने लोगों से भी अपील है की है कि वो भारतीय संस्कृति के अनुसार ही कपड़े पहनकर मंदिर आएं. हालांकि मंदिर परिसर के लिए अभी कोई ड्रेस कोड लागू नहीं किया गया है. पर गर्भगृह में प्रवेश के लिए भारतीय संस्कृति के अनुरूप परिधान जरूरी है।

## कोचिंग संचालक ने फ्रैंचाइजी के नाम पर पांच लाख रूपये हड़पे, पैसा वापस मांगने पर दी धमकी

खबर दृष्टिकोण आलमबाग। आशियाना थाना क्षेत्र में रहने वाले एक कोचिंग संचालक ने जनपद बरेली में कोचिंग की शाखा खोलने के नाम पर पांच लाख रूपये हड़प लिए और जब पीड़ित ने अपना पैसा वापस माँगा तो धमकी देने लगे। पीड़ित की शिकायत पर आशियाना पुलिस ने अमानत में खयानत समेत धमकी की धाराओं में मुकदमा दर्ज कर लिया है। लालकुंआ हुसैनगंज रिसालदार पार्क निवासी राज वालिया पुत्र स्व. गुरजीत सिंह वालिया के मुताबिक बालाजी कोचिंग सेंटर के मालिक अजय दुबे निवासी मानसरोवर, सेक्टर ओ थाना आशियाना से वर्ष 2022 में जनपद बरेली में कोचिंग की फ्रेंचाइजी शाखा खोलने का वार्ता हुआ था जिसके लिए पांच लाख रूपये तय हुआ था और सम्पूर्ण राशि मिलने पर ही अनुबंध पत्र बनाने की बात कहा गया। पीड़ित के मुताबिक उन्होंने तीन लाख रूपये का भुगतान अपने खाते से अॉनलाइन किया और दो लाख नगद उनके मानसरोवर स्थित उनके निवास पर पहुंचकर दिया लेकिन पूरा पैसा मिल जाने के बाद भी कोचिंग संचालक द्वारा करारनामा नहीं किया गया और जब उन्होंने संचालक अजय दुबे के नंबर पर काल कर अपना पैसा वापस माँगा तो संचालक ने पैसा वापस करने से मना कर दिया और धमकी दिया कि उसे और उसके परिवार को जान से मरवा देगा। पीड़ित ने कोचिंग संचालक के खिलाफ आशियाना थाने पहुंचकर लिखित शिकायत की। पीड़ित की शिकायत पर पुलिस ने रविवार को संचालक के खिलाफ अमानत में खयानत व धमकी की धारा में मुकदमा दर्ज कर जाँच में जुटी है।

## एक शातिर लूटेरा गिरफ्तार, लूट का एक मोबाइल फोन बरामद

खबर दृष्टिकोण लखनऊ। सआदतगंज पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर रविवार रात एक शातिर लुटेरा को थाना क्षेत्र से गिरफ्तार किया गया है जिसके कब्जे से लूट का मोबाईल फोन बरामद हुआ है जिसके सम्बन्ध में स्थानीय थाने पर मुकदमा दर्ज है। शातिर के खिलाफ दर्ज मुकदमे में कार्यवाई कर जेल भेज दिया गया है। सआदतगंज प्रभारी निरीक्षक अंजनी कुमार मिश्रा ने बताया कि बीते 28 जून को थाना क्षेत्र के अम्बरगंज में एक बच्ची से दो युवको ने मोबाईल लूट की घटना को अंजाम दिया था। जिसके सम्बन्ध में लूट की धारा में मुकदमा दर्ज कर पुलिस टीम लगाया गया था वहीं रविवार रात मुखबिर की सूचना पर थाना क्षेत्र के खन्ना की तकिया के पास से एक लुटेरे को गिरफ्तार किया गया है। जिसके कब्जे से लूट का मोबाईल फोन बरामद हुआ है। पुलिस की पूछताछ में लुटेरे ने अपना परिचय अदनान अहमद पुत्र सलीम अहमद निवासी ताहिर पंचर की दुकान पर काली चरण पीजी कॉलेज के सामने, निकट कोनेश्वर चौराहा थाना ठाकुरगंज लखनऊ के रूप में दिया है। जिसके खिलाफ दर्ज मुकदमे में बरामदगी की धारा की बढ़ोत्तरी कर जेल भेज दिया गया है।

## अवैध रूप से पेड़ कटान पर वन प्रभारी ने कराया मुकदमा

खबर दृष्टिकोण आलमबाग। आशियाना क्षेत्र के सेक्टर के में अवैध रूप से पेड़ काटने की सूचना पर वन प्रभारी ने आशियाना थाने पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया है। वन प्रभारी बिजेन्द्र सिंह के मुताबिक रविवार को सेक्टर के स्थानीय निवासियों से हरे पेड़ काटे की सूचना पर मौके पर पहुँच देखा तो अज्ञात लोगो द्वारा एक छितवन का पेड़ काटा गया था। जिसकी शिकायत उन्होंने आशियाना थाने में कर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराया।

### उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य द्वारा स्वयं सहायता समूहों की 5लाख 39हजार महिलाओं रू 350 करोड़ की धनराशि की गयी प्रदान

खबर दृष्टिकोण

लखनऊ। उपमुख्यमंत्री जी के कुशल नेतृत्व एवं सतत् मार्गदर्शन में वित्तीय समावेशन गतिबिधियो को प्रोत्साहित करने की दिशा में सोमवार को प्रदेश के 53 जनपदों के 49084 स्वयं सहायता समूहों के 5.39 लाख सदस्यों को 350 करोड़ रुपये की धनराशि अॉनलाइन माध्यम से उनसे संबंधित समूह के खाते में उप मुख्यमंत्री द्वारा निर्गत किया गया। इस धनराशि में से 19992 स्वयं सहायता समूह के 2.19 लाख परिवारों को रिवाल्विंग फण्ड के रूप में 30 करोड़ रूपये तथा 29092 स्वयं सहायता समूह के 3.20 लाख परिवारों को सामुदायिक निवेश निधि के रूप में 320 करोड़ रूपये निर्गत किये गए। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य द्वारा सभी दीदियों को इस अवसर पर हार्दिक शुभकामनाये प्रेषित की गयी एवं उनको आजीविका गतिबिधियो में स्किल क्षमता बढ़ाते हुए अपनी स्वय की पहचान बनाने की दिशा में आगे बढ़ने हेतु प्रेरित किया गया। मिशन निदेशक राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन सीद्र इन्दुमती द्वारा सभी समूह सदस्यों को बधाई दी गयी और बताया गया कि सितम्बर 2023 तक प्रदेश में 1.18 करोड़ परिवारों को स्वयं सहायता समूह के माध्यम से आच्छादित करने के मिशन के लक्ष्य को पूर्ण करने की दिशा में तीव्र गति से कार्य किया जा रहा है। बताया कि पंद्रदीन दयाल अन्त्योदय योजना- राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन (डे एनएमआरएल) के लक्ष्यों के दृष्टिगत राष्ट्रवाद, सुशासन और समग्र विकास से अन्त्योदय के लक्ष्यों की पूर्ति की दिशा में प्रधानमंत्री की प्रेरणा से एवं मुख्यमंत्री स के कुशल मार्ग दर्शन में उत्तर प्रदेश राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत प्रदेश की दीदियां स्वरोजगार, उद्यमशीलता एवं कौशल विकास द्वारा आत्म निर्भर बन रही है। अधिक से अधिक परिवारों को मिशन द्वारा स्वयं सहायता समूहों के माध्यम से आच्छादित करते हुए उनका सामाजिक एवं आर्थिक विकास करते हुये सशक्तीकरण व आत्मनिर्भर बनाने की दिशा में तीव्र गति से कार्य किया जा रहा है।

# गुणवत्तापूर्ण सन्तोषजनक फीड बैक के साथ करें शिकायतों का निस्तारण

## 03 दर्जन से अधिक जिलों के कई सैकड़ा लोगों ने रखी अपनी समस्यायें- श्री केशव प्रसाद मौर्य

खबर दृष्टिकोण

लखनऊ। उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने अपने— 7 कालीदास मार्ग स्थित आवास (कैंम्प कार्यालय) पर आयोजित जनता दर्शन कार्यक्रम में विभिन्न जनपदों से आये लोगों से मुलाकात कर उनकी समस्याओं के त्वरित निस्तारण का आश्वासन दिया। उन्होने जनसुनवाई के दौरान एक—एक व्यक्ति की समस्या को पूरी गम्भीरता से सुना तथा समस्याओं के निराकरण हेतु सम्बंधित अधिकारियों को निर्देश दिए। निर्देश दिए कि गुणवत्तापूर्ण सन्तोषजनक फीड बैक के साथ शिकायतों का निस्तारण करें। जनता दर्शन में 03 दर्जन से अधिक जिलों के कई सैकड़ा लोगों ने अपनी समस्यायें रखी। उन्होंने सम्बंधित अधिकारियों को यह भी निर्देश दिए हैं कि समस्याओं का निराकरण इस प्रकार किया जाय कि समस्याग्रस्त व्यक्ति पूरी तरह से संतुष्ट रहें और उन्हें दुबारा कहीं भटकना न पड़े और बार —बार चक्कर न लगाने पड़ें। उन्होंने महिलाओं, दिव्यांगों, बुजुर्गों की समस्याओं व शिकायतों को सुना और उन्हें प्राथमिकता के आधार पर संबंधित अधिकारियों को त्वरित गति से निदान करने हेतु आवश्यक दिशा निर्देश दिए। जनता दर्शन में भूमि विवाद ,दुर्घटनाओं से संबंधित ,अवैध कब्जे, शिक्षा, स्वास्थ्य, आवास आवंटन, स्कूल निर्माण, भूमि पट्टा, कब्जा दिलाने, अतिक्रमण हटाने,सड़क बनवाने, बिजली, अभियुक्तों की गिरफ्तारी कराने, आदि से संबंधित विभिन्न समस्याएं प्रदेश के विभिन्न जिलों से आए लोगों ने रखी। जनता दर्शन मे मैनपुरी, बांदा , कानपुर ,लखनऊ अलीगढ़ ,अमेठी ,जालौन, लखीमपुर ,महोबा, कासगंज ,प्रतापगढ़ ,अंबेडकरनगर ,फर्रुखाबाद, हरदोई, जौनपुर ,सीतापुर ,बदायूं बहराइच ,औरैया, कन्नौज ,फर्रुखाबाद ,हाथरस, भदोही, गाजीपुर, बहराइच ,बदायूं ,बुलंदशहर, आजमगढ़ ,आगरा,, मिर्जापुर, चंदौली, पीलीभीत, बलिया ,बहराइच, सुल्तानपुर सहित लगभग 03दर्जन से अधिक जिलों से कई सैकड़ा लोगों ने आकर अपनी समस्याएं रखी। उप मुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य ने समस्याओं के निस्तारण के बावत ललितपुर, फर्रुखाबाद, सुल्तानपुर सहित अन्य कई जिलाधिकारियों पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद व ,अन्य सम्बंधित उच्चाधिकारियों व शासन के उच्चाधिकारियों से दूरभाष पर वार्ता भी की।





# बच्चे पहुँचे शहर के स्कूल तो खिल उठे चेहरे

## कन्नौज के छात्र–छात्राओं व अभिभावकों ने आश्रम पद्धति विद्यालयों का किया भ्रमण

**बयान**– बाबा साहब के अवसर की समानता को आश्रम प)ति विद्यालयों द्वारा दी गई शिक्षा से धरातल पर उतारने का प्रयास किया जा रहा है, छात्र–छात्राओं को गुणवत्तापूर्ण शिक्षा मुहैया कराना हमारी प्राथमिकता है। असीम अरुण, समाज कल्याण राज्यमंत्री (स्व.प्र.),उ.प्र.।





खबर दृष्टिकोण

लखनऊ। कन्नौज के 40 बच्चे–बच्चियोंऔर उनके अभिभावकों के लिए सोमवार का दिन खघस रहा। क्योंकि उनको गुणवत्ता परक शिक्षा प्राप्त करने का अवसर समाज कल्याण विभाग के सहयोग से मिला है। इन बच्चों का प्रवेश सोमवार को लखनऊ के मोहन रोड स्थित आश्रम पद्धति विद्यालयों में कराया गया।

- **40 छात्र- छात्राओं को कक्षा 6 और 9 में मिला प्रवेश**
- **पुराने विद्यार्थियों ने नए साथियों का किया स्वागत**
- **समाज कल्याण मंत्री ने किया बच्चों से संवाद**

इस मौके पर समाज कल्याण राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) असीम अरुण ने बच्चों के साथ संवाद कर शिक्षा की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। पुराने विद्यार्थियों ने अपने अनुभव साझा करते हुए बताया कि विद्यालयों में कक्षाओं का नियमित संचालन होता है। कला, विज्ञान एवं कंप्यूटर की शिक्षाएं अच्छे अध्यापकों द्वारा दी जा रही हैं। यहां लाइब्रेरी, कंप्यूटर लैब, खेलकूद, रहने, खाने–पीने इत्यादि की बेहतर व्यवस्था है। इस दौरान असीम अरुण ने बताया कि उक्त विद्यालयों में शैक्षणिक सत्र 2022–23 के लिए कन्नौज के अब तक 40 छात्र –छात्राओं को कक्षा 6 से 9 के लिए प्रवेश दिया जा चुका है, वहीं अन्य छात्र– छात्राओं का प्रवेश प्रक्रियाधीन है।अरुण ने कहा कि इन विद्यालयों में बेहतर व गुणवत्तापूर्ण शिक्षा प्राप्त हो इसके लिए हाल ही में विज्ञान वर्ग के 45 नये शिक्षकों की नियुक्ति की गयी है। शिक्षा प्रभावित न हो इसके लिए गेस्ट लेक्चरर की व्यवस्था भी की गई है। बताया कि जल्द ही छात्र –छात्राओं को कम्प्यूटर व टैब उपलब्ध कराए जाएंगे। इस दौरान अरुण ने अभिभावकों से सुझाव मांगे और जरूरतमंद छात्राओं को बैग भी वितरित किए।

# परिवहन निगम में कर्मियों की कमी जल्द होगी दूर–श्री दयाशंकर सिंह

खबर दृष्टिकोण



लखनऊ। उत्तर प्रदेश के परिवहन राज्य मंत्री (स्वतंत्र प्रभार) दयाशंकर सिंह ने बताया कि उत्तर प्रदेश परिवहन निगम में सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक तथा सहायक विधि अधिकारी की कमी को पूरा करने के लिए परिवहन निगम जल्द ही 50 सहायक क्षेत्रीय प्रबंधक एवं 06 सहायक विधि अधिकारी की भर्ती करेगा, इसकी स्वीकृति हो चुकी है। उन्होंने बताया कि सहायक क्षेत्रीय प्रबंधकों एवं सहायक विधि अधिकारी की भर्ती संविदा के आधार पर परिवहन निगम करेगा। दयाशंकर सिंह ने बताया कि इसके अतिरिक्त परिवहन निगम के 06 रीजन में 1649 संविदा परिचालक की भर्ती करेगा। उन्होंने बताया कि परिचालक भर्ती की प्रक्रिया चल रही है। उत्तर प्रदेश परिवहन निगम लखनऊ रीजन में 288, अलीगढ़ रीजन में 239, गाजियाबाद में 147, मुरादाबाद में 557, बरेली में 256 तथा नोएडा में 126 परिचालकों की भर्ती करेगा। इससे परिचालकों की कमी दूर होगी तथा संचालन में भी सहूलियत होगी। दयाशंकर सिंह ने बताया कि साथ ही समूह ग एवं समूह घ के अन्तर्गत स्वीकृत 547 कर्मियों की भर्ती भी परिवहन विभाग करने जा रहा है, जिसकी स्वीकृति हो चुकी है। उन्होंने बताया कि उक्त भर्ती उत्तर प्रदेश अधीनस्थ सेवा चयन के माध्यम से किया जायेगा। यह भर्ती दो चरणों में की जायेगी। प्रथम चरण में 383 पदों पर भर्ती की जायेगी। इसमें केन्द्र प्रभारी के 93, मैकेनिक के 240, इलेक्ट्रिशियन के 25 एवं सहायक स्टोर कीपर के 25 पद स्वीकृत हैं। जबकि द्वितीय चरण में 164 पदों पर भर्ती की जायेगी। इसमें मैकेनिक के 30, इलेक्ट्रिशियन के 31 एवं असिस्टेंट स्टोर कीपर के 103 पद स्वीकृत हैं।

# गैंगेस्टर की सम्पत्ति कुर्क करने का आदेश , गिरोह बना कई बेरोजगारों संग नौकरी के नाम पर कर चूका है ठगी

***पुलिस आयुक्त लखनऊ कोर्ट ने जारी किया आदेश , 15,27,296 रूपये की संपत्ति की जाएगी कुर्क***

खबर दृष्टिकोण

लखनऊ। पुलिस आयुक्त लखनऊ कोर्ट ने हजरतगंज थाने से गैंगेस्टर की धारा में निरुद्ध अभियुक्त अवनीश कुमार तिवारी पुत्र रमाकान्त तिवारी निवासी सरायमंगा, पोस्ट बरूआ उत्तरी, थाना चाँदा, जनपद सुलतानपुर के विरुद्ध अपराध से अर्जित की कमाई से बनाई गई संपत्ति 15 लाख 27 हजार की संपत्ति को कुर्क करने का आदेश दिया गया है। हजरतगंज पुलिस के मुताबिक अवनीश कुमार तिवारी द्वारा कई वर्षों से आनशोध संस्थान नामक कम्पनी बनाकर बेरोजगार लोगों को नौकरी देने के नाम पर धोखाधड़ी कर रूपये प्राप्त करने का काम कर रहा था। जिसके खिलाफ वर्ष 2021 में 08 अभियोग थाना हजरतगंज में दर्ज हुए। अवनीश वर्ष 2019 में अपराध जगत में प्रवेश किया और धीरे–धीरे अपना एक सुसंगठित गिरोह बनाकर वह गैंग लीडर है, अपने गैंग के अन्य सदस्यों के साथ मिलकर आर्थिक, भौतिक व दुनियावी लाभ के लिए अपराध कारित करने लगा। जिसके खिलाफ उ प्र गिरोहबंद अधिनियम के तहत गैंगेस्टर एक्ट की कार्यवाई किया गया था। कार्यवाई के तहत पुलिस आयुक्त न्यायालय ने सोमवार को अभियुक्त के खिलाफ कुल 15,27,296 रूपये की संपत्ति कुर्क करने का आदेश जारी किया गया है।

# सड़कों के अनुरक्षण हेतु 3000 करोड़ रुपए की बजटीय व्यवस्था के मदवार फांट का समिति ने सर्वसम्मति से किया अनुमोदन

**सड़कों के निर्माण/पुनर्निर्माण एवं चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण कार्य हेतु 2500 करोड़ रुपए की बजटीय व्यवस्था के मदवार फांट का समिति ने सर्वसम्मति से किया अनुमोदन**

खबर दृष्टिकोण

लखनऊ। उत्तर प्रदेश के लोक निर्माण मंत्री एवं उत्तर प्रदेश राज्य सड़क निधि प्रबंधन समिति के अध्यक्ष जितिन प्रसाद की अध्यक्षता में आज यहाँ लोक निर्माण विभाग मुख्यालय स्थित तथागत सभागार में उत्तर प्रदेश राज्य सड़क निधि प्रबंधन समिति की बैठक आयोजित की गई। बैठक में लोक निर्माण मंत्री ने विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि इस वर्ष नये कार्यों के मद में स्मार्ट सड़कों के निर्माण को प्राथमिकता दी जाय जिसमें कि सारी सुविधायें अण्डरग्राउंड डक्ट के माध्यम से दी जाँय। उन्होंने निर्देश दिया कि एक्सप्रेस वे को जोड़ने वाली मुख्य सड़कों के आवश्यकता अनुसार चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण को प्राथमिकता दी जाय, जिससे सम्बंधित क्षेत्र के लोगों को एक्सप्रेस वे का अधिक से अधिक लाभ मिल सके और क्षेत्र का विकास हो सके। राज्य सड़क निधि प्रबंधन समिति की बैठक में वित्तीय वर्ष 2023–24 हेतु राज्य सड़क निधि के अंतर्गत 3054–मद में सड़कों के अनुरक्षण हेतु प्रविधानित कुल 3000 करोड़ रुपए की बजटीय व्यवस्था के मदवार फांट का समिति द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया, जिसके अनुसार पूर्व स्वीकृत चालू कार्यों हेतु 2000 करोड़ रुपए, प्रदेश के विभिन्न श्रेणी के मार्गों के सामान्य मरम्मत के साथ नवीनीकरण हेतु 600 करोड़ रुपए तथा मार्गों के विशेष मरम्मत व पुलध्पुलियों के पुनः निर्माण हेतु 400 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है। इसके साथ ही राज्य सड़क निधि के अंतर्गत 5054–मद में सड़कों के निर्माणध्पुनर्निर्माण एवं चौड़ीकरण व सुदृढ़ीकरण कार्य हेतु 2500 करोड़ की बजटीय व्यवस्था के मदवार फांट



का समिति द्वारा सर्वसम्मति से अनुमोदन किया गया, जिसके अनुसार पूर्व स्वीकृत चालू कार्यों हेतु 1000 करोड़ रुपये जबकि मार्गों के निर्माण / पुनर्निर्माण / चौड़ीकरण एवं सुदृढ़ीकरण के नए कार्यों हेतु 1500 करोड़ रुपये की व्यवस्था की गई है।लोक निर्माण मंत्री ने बैठक में समिति के सदस्यों द्वारा दिये गये सुझावों का स्वागत करते हुए कहा कि निर्धारित गाइडलाइन व नई तकनीकी के माध्यम से आवश्यकता के अनुसार कार्यों को प्राथमिकता दी जाएगी। लोक निर्माण मंत्री ने बैठक में विभागीय अधिकारियों को निर्देश दिया कि ग्रामीण सड़कों के रखरखाव, नवीनीकरण व चौड़ीकरण आदि पर विशेष रूप से फोकस किए जाने की आवश्यकता है। निर्माण कार्यों की गुणवत्ता से किसी प्रकार का समझौता नहीं किया जाएगा। गुणवत्ता का विशेष ध्यान रखते हुए निर्माण कार्यों को निर्धारित समय–सीमा में पूर्ण कराएँ, निर्माण कार्यों में मानकों का शत–प्रतिशत अनुपालन भी सुनिश्चित करायें। गुणवत्ता की जांच के लिए सड़कों का औचक निरीक्षण कराएँ तथा लापरवाही पाए जाने पर संबंधित के विरुद्ध कठोर कार्रवाई की जाए।बैठक में प्रमुख सचिव लोक निर्माण विभाग अजय चौहान ने मंत्री को आश्वस्त किया कि उनके द्वारा दिए गए निर्देशों का अक्षरशः अनुपालन सुनिश्चित किया जाएगा। बैठक में राज्यसभा सांसद नीरज शेखर, सांसद झाँसी अनुराग शर्मा, विधायक ददरौल मानवेन्द्र सिंह, विधायक पडरौना मनीष जायसवाल, अमेठी के जिला पंचायत अध्यक्ष राजेश कुमार अग्रहरि, जिला पंचायत अध्यक्ष वाराणसी पूनम मौर्या, प्रमुख सचिव लोक निर्माण विभाग अजय चौहान, विशेष सचिव लोक निर्माण विभाग आशुतोष द्विवेदी एवं के० पी० सिंह, प्रमुख अभियंता (विकास) एवं विभागाध्यक्ष श्री अरविंद कुमार, प्रमुख अभियंता ग्रामीण सड़क वी० के० श्रीवास्तव, मुख्य अभियंता अशोक अग्रवाल एवं संजय कुमार श्रीवास्तव, अध्यक्ष उ० प्र० मोटर ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन, डायरेक्टर जनरल सोसायटी ऑफ इंडियन ऑटोमोबाइल मैनूफैकचरर्स, चीफ रिप्रेजेंटेटिव ट्रेवल एसोसियेशन ऑफ इंडिया, महाप्रबंधक ओरिएंटल इंश्योरेंश कंपनी ऑफ इंडिया, निदेशक यू०पी० चौप्टर सी०आई०आई० सहित समिति के अन्य सदस्यगण तथा सम्बंधित विभागीय अधिकारी गण उपस्थित थे।

# चारबाग जीआरपी पुलिस द्वारा यात्रियों के गुम हुए मोबाईल फोन मोबाईल स्वामियों को लौटाए गए

## अपने गुम हुए फोन वापस पा मोबाईल स्वामियों के चेहरों पर दिखी मुस्कान , जीआरपी टीम की कि सराहना



खबर दृष्टिकोण

लखनऊ। चारबाग जीआरपी पुलिस टीम द्वारा सफर के दौरान यात्रियोंके गुम हुए मोबाईल फोन पर शिकायतकर्ताओंके प्रार्थना पत्र पर सर्विलांस के सहयोग से गुम हुए मोबाईल फोन बरामद कर मोबाईल स्वामियोंके सुपुर्द किया गया है। जीआरपी चारबाग प्रभारी निरीक्षक धर्मेंद्र कुमार ने बताया कि यात्रा के दौरान यात्रियों के खोये हुए मोबाइलों के संबंध में प्राप्त प्रार्थना पत्रों पर सर्विलांस सेल की मदद से अथक प्रयास करते हुए उत्तर प्रदेश के विभिन्न जनपद एवं अन्य राज्योंसे गुम हुए 11 मोबाइल फोनों को बरामद किया गया। जिसे सोमवार को मोबाईल स्वामियों के सुपुर्द किया है। इस दौरान अपने गुम हुए मोबाईल फोन वापस पाकर मोबाईल स्वामियों के चेहरे खिल उठे और मोबाईल स्वामियों ने जीआरपी पुलिस टीम की खूब प्रसंसा किये।

# नंदौली में झील को लेकर खूनी संघर्ष,दर्जन भर घायल,एक की हालत गम्भीर

**वसूली बन्द होने पर पट्टा धारको ने लगाया बवाल करने का आरोप....**

पट्टा धारकोंने आरोप लगाया कि अभी तक गांव की झील पर सिंघाड़ा और मछली पालन पर प्रधानपति और ग्राम प्रधान महावारी वसूलते थे।इस बार तालाबो के पट्टे सिमिति के सदस्योंके नाम पट्टा कर दिया गया।जिसको लेकर ये लोग विरोध जता रहे है।जबकि तालाब के पट्टे नियमानुसार किये गए है।पीड़ित अखिलेश ने बताया कि प्रधानपति ने सोमवार को तालाब पहुचने पर ग्रामीणोंको उकसाते हुए हत्या कर देने की बात कही वो तो किसी तरह हमले के बाद हम लोग जान बचाकर भागे नही तो बड़ी वारदात हो जाती।







मोहनलालगंज। निगोहां के नंदौली में झील पट्टा धारकों पर सोमवार को कुछ लोगो ने कुल्हाड़ी,सरिया व लाठी–डंडो से हमला कर लहूलुहान कर दिया।पट्टा धारकों का आरोप है कि ये हमला नदौली प्रधानपति के इशारे पर किया गया।जिसमें दोनों पक्ष से एक दर्जन लोग घायल हुये है।जिसमे एक की हालत गम्भीर बनी हुई है।पुलिस दोनो पक्षो की तहरीर पर मुकदमा दर्ज कर मामले की जांच में जुट गयी है।निगोहां के नदौली के किसान अखिलेश ने बताया उनके गांव की झील का पट्टा मत्स्य पालन के लिये तहसील प्रशासन ने किया गया था।जिसको लेकर कुछ लोग राजनीतिक तूल पकड़ाने में जुटे हुए थे।सोमवार की सुबह सूचना मिली कि तालाब में पड़ी मछली निकाले ले रहे और सिंघाड़े की बेड निकालकर फेक रहे है।अखिलेश के मुताबिक पट्टा धारक झील देखने पहुचे थे।इस दौरान नदौली ग्राम प्रधान पति आईपी सिह व रामदासपुर ग्राम प्रधान राज कुमार पांडेय के इशारे पर कुछ लोग कुल्हाड़ी और सरिया व लाठी–डंडो से लैस होकर पट्टा धारकों पर हमला बोल दिया।जिसमे मोनू, राकेश,गोविंद, विकास राम औतार और अखिलेश बुरी तरह जख्मी हो गए वही मारपीट में दूसरे पक्ष से अमृतलाल, रामदीन, राकेश समेत अन्य कई लोग भी घायल हो गए।सूचना पाकर मौके पर पहुंची पुलिस घायलों इलाज के लिये मोहनलालगज सीएचसी लेकर गयी,जहां भर्ती कर घायलो का इलाज जारी है।वही एक घायल राकेश की हालत गंभीर देख डाक्टर ने इलाज के लिये सिविल अस्पताल रेफर किया है।इंस्पेक्टर विनोद यादव ने बताया दोनो पक्षो के पीड़ितों द्वारा दी गयी तहरीर के आधार मारपीट,बलवा,एससीध्एसटी एक्ट समेत अन्य धाराओ में क्रास मुकदमा दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी है।

# फर्जी दस्तावेजों के आधार पर बैंक से लोन लेने वाला स्कूल प्रबंधक गिरफ्तार

खबर दृष्टिकोण



लखनऊ। अलीगंज पुलिस टीम द्वारा सोमवार को थाना क्षेत्र से बैंक से धोखाधड़ी कर लोन प्राप्त करने वाले शातिर को गिरफ्तार किया कर दर्ज में मुकदमे में कार्यवाई करते हुए जेल भेज दिया गया है। अलीगंज प्रभारी निरीक्षक नागेश उपाध्याय ने बताया कि स्थानीय थाने पर अक्टूबर वर्ष 2022 में कूटरचित दस्तावेज तैयार कर बैक मैनेजर से मिलकर दूसरे के नाम पर लोन करा फर्जी हस्ताक्षर बना लोन का पैसा प्राप्त कर लेने की शिकायत पर मुकदमा दर्ज कर आरोपी का तलाश किया जा रहा था वहीं मुखबिर की सूचना पर सोमवार को थाना क्षेत्र में स्थित गोल्डन फ्यूचर पब्लिक स्कूल जानकीपुरम से गिरफ्तार किया गया है। जालसाज ने अपना परिचय पंकज वर्मा पुत्र संतोष कुमार निवासी 610ध्572 केशवनगर थाना मडियाव जनपद लखनऊ मूलपता 191 सिविल लाइन ईशानगर कोठी थाना सदर कोतवाली लखीमपुर के रूप में दिया है। शातिर एक निजी स्कुल का प्रबंधक है।



**नगर निगम जोन 8 के अंतर्गत बिजनौर रोड पर जलभराव , हल्की बारिश से नगर निगम जोन 8 की खुली पोल**



**बिजनौर निवासियों को करना पड़ रहा है दिक्कतों का सामना , आम जनता की समस्याओ से नगर निगम नहीं है कोई सरोकार।**

# परिवारवाद बनाम प्रतिभावान काबिलियत

## आओ प्रतिभावान को प्रोत्साहन देकर काबिलियत को सर्वोपरि बनाएं
## वंशवाद परिवारवाद भाई भतीजावाद से प्रतिभावान काबिलियत के सर्वोपरि सामर्थ्य को क्षति

**प्रतिभावान काबिलियत का बाधक भाई भतीजावाद परिवारवाद एक बुराई - एडवोकेट किशन भावनानी गोंदिया**

खबर दृष्टिकोण महाराष्ट्र।

गोंदिया – वर्तमान कुछ वर्षों से हमारे पीएम महोदय अपने अनेक जनसभाओं में परिवारवाद और वंशवाद का मुद्दा उठाते हैं और उसको विकास का बाधक बताते हुए आम जनता का ध्यान इस ओर आकर्षित करते रहते हैं, जिसका नतीजा बिहार में एक और महाराष्ट्र में दो बार देखने को मिला है सबसे बड़ी बात तो परिवार की फूट का आश्चर्यजनक नतीजा आज देखने को मिला 2 जुलाई 2023 को जो सारे देश ने देखा इसी तर्ज पर महाराष्ट्र में एक परिवारवाद में कुछ माह पहले ऐसा हो चुका है। सदियों पुराने भारतीय इतिहास के पन्नों में दर्ज वंशवाद परिवारवाद के किस्से राजा महाराजाओं के स्तरपर हम बहुत पढ़ें हैं कि यह फलाने वंशज का है, यह राजशाही परिवार का है जो वर्तमान रूप में कुछ दूसरे रूपों में यह फलाने नेता का रिश्तेदार है, ढिकानें उद्योगपति का रिश्तेदार है, इत्यादि अनेक वंशवाद परिवारवाद से शब्दों की बात होती है। हालांकि मेरा मानना है कि किसी भी परिवार या वंश का उनके किसी भी घरेलू पेशे व्यापार व्यवसाय का अनुसरण करना स्वाभाविक ही है क्योंकि वह मनीषी जीव उसी परिवार में जन्म लेकर बाल्य काल से ही उस पेशे व्यापार व्यवसाय के माहौल में छोटे से बड़ा होता है तो उसका भविष्य हम उसी क्षेत्र में जोड़ने की कोशिश करते हैं, एक उदाहरण के तौर पर अगर कोई एक इंजिनियर, सीए है तो क्या इसी कारण उसके पुत्र को इंजीनियर सीए नही बनने दिया जाएगा ?अगर इंजीनियर का बेटा भी इंजीनियर बने तो वंशवाद को बढ़ावा देने जैसा है क्या ? किसी वकील का बेटा क्या वकालत नही कर सकता है, क्योंकि ये वंश वाद को बढ़ावा देना होगा?? अगर वह अच्छा वकील ही नही है तो उसके पक्षकार ही उसे अपने आप ही ठुकरा देंगे। इसमे वंशवाद कहा से आ टपका ?? ठीक वैसे ही अगर पिताश्री मंत्री था या विधायक था तो बेटे को भी भी मंत्री या विधायक बनने से रोकने वाला कानून देश में या दुनियां मे कहीं नही है। हालांकि राजनीतिक क्षेत्र में आम जनता अपने वोट के बल पर उसे रोक सकती हैं। साथियों जैसे काबिल न होने पर बड़े नामचीन वकील का बेटा बड़ा वकील नही बन पाता है वैसे ही नेताजी के बेटे नाकाबिल है तो जनता अपने आप ही उसे ठुकरा देगी।सवाल तो काबिलियत का है नकि पिताश्री क्या थे इस बात का है, और व्यवसाय में तो ऐसे ही होता है, उत्तराधिकारी कोई परिवार से ही होता है। वंशवाद अपने आप मे कोई चुनौती नही है। ना ही वंशवाद में कोई बुराई भी है। केवल एक वंश का कोई है इस बात के लिए सही योग्यता है या नही इसे देखे बगैर ही उसे चुनना या उसे किसी भी पद पर बैठाना जरूर गलत है अन्याय और बुराई है। साथियों बात अगर हम पौराणिक काल के वंशवाद की तुलना आज के परिवारवाद भाई भतीजावाद से करें तो,कुछ विशेषयज्ञ वंशवाद की तुलना राजशाही से करते हैं, उनके अनुसार फर्क है तो इतना ही कि पहले राजे महाराजे अपने उत्तराधिकारी की घोषणा करते थे, भारत के लोकतंत्र में आज यह काम उनके लिए चाहे, अनचाहे ढंग से जनता या वोटर करते हैं। इसी तर्क को लेकर कुछ नेता यह दोहराने से नहीं थकते कि उनके परिवार के लोग राजनीति में चुनाव जीत कर आए हैं, किसी की मेहरबानी या खैरात से नहीं है। साथियों बात अगर हम कुछ वर्षों से परिवारवाद भाई भतीजावाद पर बढ़ते विरोधी ट्रेंड की करें तो, वर्तमान समय में पीएम के कटु आलोचक भी मानते हैं कि उन्होंने भारतीय राजनीति के व्याकरण को कई मायनों में बदला दिया है। आज परिश्रम, दक्षता और योग्यता रूपी मानवीय गुणों ने तेजी से चाटुकारिता और परिवारवाद वाली राजनीति की जगह ले रही है। वैसे भी जो पार्टी लंबे समय तक सत्ता में रहती है, वही भविष्य के लिए खेल के नियम तय करती है। सभी छोटे खिलाड़ी उस फार्मूले का अनुकरण करते हैं। एक पार्टी भी लंबे समय तक सत्ता में रही है। लिहाजा अधिकांश पार्टियों ने उसका अनुकरण किया। उस पार्टी ने भारतीय राजनीति को वंशवाद की राजनीति का सूत्र सिखाया। बाल गंगाधर तिलक, मदन मोहन मालवीय, सुभाष चंद्र बोस और महात्मा गांधी सरीखे दिग्गजों ने पार्टी को एक आंदोलन के रूप में चलाया, लेकिन स्वतंत्रता के बाद वह उनकी मात्र बनकर रह गई। उसने समय के साथ खुद को देश के प्रथमपरिवार के रूप में स्थापित कर लिया ऐसा इलेक्ट्रॉनिक मीडिया में आया है हालांकि उसकी पुष्टि नहीं की गई है। साथियों बात अगर हम माननीय पीएम द्वारा लाल किले की प्राचीर से परिवारवाद भाई भतीजावाद मुद्दे पर क्षणिक संबोधन की करें तो पीआईबी के अनुसार उन्होंने कहा दूसरी एक चर्चा मैं करना चाहता हूं भाई–भतीजावाद, और जब मैं भाई–भतीजावाद परिवारवाद की बात करता हूं तो लोगों को लगता है मैं सिर्फ राजनीति क्षेत्र की बात करता हूं। जी नहीं, दुर्भाग्ध्य से राजनीति क्षेत्र की उस बुराई ने हिन्ध्दुस्ध्तान की हर संस्ध्थाओं में परिवारवाद कोपोषित कर दिया है। परिवारवाद हमारी अनेक संस्ध्थाओं को अपने में लपेटे हुए है। और इसके कारण मेरे देश के टैलेंट को नुकसान होता है। मेरे देश के सामर्थ्ध्य को नुकसान होता है। जिनके पास अवसर की संभावनाएं हैं वो परिवारवाद भाई–भतीजे के बाद बाहर रह जाता है। भ्रष्ध्टाचार का भी कारण यह भी एक बन जाता है, ताकि उसका कोई भाई–भतीजे का आसरा नहीं है तो लगता है कि भई चलो कहीं से खरीद करके जगह बना लूं। इस परिवारवाद से भाई–भतीजावाद से हमें हर संस्ध्थाओं में एक नफरत पैदा करनी होगी, जागरूकता पैदा करनी होगी, तब हम हमारी संस्ध्थाओं को बचा पाएंगे। संस्ध्थाओं के उज्ज्वल भविष्ध्य के लिए बहुत आवश्ध्यक है। उसी प्रकार से राजनीति में भी परिवारवाद ने देश के सामर्थ्ध्य के साथ सबसे ज्ध्यादा अन्ध्याय किया है। परिवारवादी राजनीति परिवार की भलाई के लिए होती है उसको देश की भलाई से कोई लेना–देना नहीं होता है और इसलिए लालकिले की प्राचीर से तिरंगे झंडे के आन–बान–शान के नीचे भारत के संविधान का स्ध्मरण करते हुए मैं देशवासियों को खुले मन से कहना चाहता हूं, आइये हिन्दुस्ध्तान की राजनीति के शुद्धिकरण के लिए भी, हिन्ध्दुस्ध्तान की सभी संस्ध्थाओं की शुद्धिकरण के लिए भी हमें देश को इस परिवारवादी मानसिकता से मुक्ति दिला करके योग्ध्यता के आधार पर देश को आगे ले जाने की ओर बढ़ना होगा। यह अनिवार्यता है। वरना हर किसी का मन कुंठित रहता है कि मैं उसके लिए योग्ध्य था, मुझे नहीं मिला, क्योंकि मेरा कोई चाचा, मामा, पिता, दादा–दादी, नाना–नानी कोई वहां थे नहीं। यह मनरूस्थिति किसी भी देश के लिए अच्ध्छी नहीं है। अतः अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि परिवारवाद बनाम प्रतिभावान काबिलियत आओ प्रतिभावान को प्रोत्साहन देकर काबिलियत को सर्वोपरि बनाएं। वंशवाद परिवारवाद भाई भतीजावाद से प्रतिभावान काबिलियत के सर्वोपरि सामर्थ्य को क्षति है। प्रतिभावान काबिलियत का बाधक भाई भतीजावाद परिवारवाद एक बुराई है।

–संकलनकर्ता लेखक – कर विशेषज्ञ स्तंभकार एडवोकेट किशन सनमुखध्दास भावनानी गोंदिया महाराष्ट्र

## संपादकीय

# बैंकों को मुनाफा

सार्वजनिक क्षेत्र के बैंकों (पीएसबी) का मुनाफा 2022-23 में बढ़ंकर 1.04 लाख करोड़ रुपये हो गया जो 2014 के 36,270 लाख करोड़ रुपये की तुलना में तीन गुना है। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने शनिवार पंजाब एंड़ सिंध बैंक के कॉरपोरेट कार्यालय के उद्घाटन अवसर पर कहा कि सरकार की नीतियों के कारण पीएसबी के मुनाफे में वृद्धि दर्ज की गई है। बेशक, बैंकिंग सेक्टर के लिहाज से यह उत्साहजनक आंकड़ा है, लेकिन इसे लेकर सरकार और बैंकों को आराम से बैठकर जश्न नहीं मनाना चाहिए। बैंकिंग क्षेत्र में हाल के समय, बल्कि कहें कि काफी समय से जब-तब कर्मचारियों में असंतोष देखने को मिला है। बैंकों के परस्पर विलयन पर उन्होंने असंतोष जताया तो जब-तब बैंकों के निजीकरण जैसी खबरों पर भी विरोध मुखर किया है। कई बार लगता है कि जैसे बैंकिंग क्षेत्र में कार्यरत लोगों और सरकार के बीच कम्युनिकेशन गैप है। इससे उत्पादकता यकीनन प्रभावित होती है। इसलिए जरूरी है कि बैंककर्मियों और सरकार के बीच परस्पर विश्वास मजबूत किया जाए। बैंक तंत्र के स्तर पर सर्वोत्तम कॉरपोरेट प्रशासन नियमनग नियामक मानदंड़ों के अनुपालन, विवेकपूर्ण तरलता प्रबंधनग मजबूत परिसंपत्ति-देयता और जोखिम प्रबंधन पर ध्यान देना जारी रहना जरूरी है। बैंकों की कार्यसंस्कृति पर भी ध्यान दिया जाना जरूरी है। सरकारी बैंकिंग तंत्र को गौर करना होगा कि आखिर, क्या कारण हैं कि ग्राहक निजी बैंकों को सरकारी बैंकों के बरक्स तरजीह देने लगे हैं। अच्छी बात है कि अर्थव्यवस्था में बैंकों और कॉरपोरेट की 'ट्विन-बैलेंस शीट' की समस्या दूर हो गई है। सरकार के ठोस प्रयासों से यह संभव हो सका है और 'ट्विन-बैलेंस शीट' का लाभ मिल रहा है। 'ट्विन-बैलेंस शीट' की समस्या का अर्थ है कि एक ही समय में बैंकों और कॉरपोरेट की वित्तीय सेहत में गिरावट देखने को मिलती है। ऐसी स्थिति में कर्ज देने वाले और कर्ज लेने वाले, दोनों की चिंता बढ़ जाती है। इस कारण दोनों ही पक्षों में अनावश्यक तनाव पैदा हो जाता है, और डूबत ऋण की आशंका उठ खड़ी होती है।

## चिंतन-मनन

# सफलता चाहिए तो पहले ये सीखें

किसी भी काम में लगन का अपना महत्व होता है, सफलता आपकी एकाग्रता पर ही निर्भर करती है। आप संसार को पाने की दौड़ में हो या परमात्मा को, जब तक हम ध्यान लगाकर काम नहीं करेंगे कभी ठीक परिणाम नहीं मिलेगा। इसके लिए जरूरी है कि आप पहले अपने मन को एकाग्र करें, फिर सफलता खुद आपको मिल जाएगी।

एक बार की बात है। राजा एक बार युद्ध पर गया। शाम के समय युद्ध के बाद राजा अपने युद्ध के बाद शिविर से थोड़ी दूर जाकर एक वीरान स्थान पर ध्यान लगाकर बैठ गया ताकि उसे थोड़ी शांति मिल सके। अभी राजा नदी के किनारे पर बस ध्यान की मुद्रा में बैठा ही था। वहां से एक युवती दौड़ती हुई निकली, जिसका ध्यान उस ओर तक ना गया कि राजा बैठा है। ना जाने कहां जाने की जल्दी थी। वह राजा से टकराती हुई निकल गई। राजा का ध्यान भंग हो गया उसे बहुत गुस्सा आया। उसने तुरंत शिविर मैं लौटकर आदेश दिया। उस औरत को ढूंढ कर लाया जाए जिसने ये गुस्ताखी की है। उस युवती को इतना भी नहीं दिखा कि देश का राजा ध्यान में बैठा है और वह उसे कुचलती हुई चली जा रही है।

सिपाही गए और थोड़ी ही देर में उस युवती को पकड़कर ले आए। राजा ने उस युवती से कहा- बदतमीज लड़की इतना भी नहीं जानती कि ध्यान में बैठे हुए व्यक्ति को इस तरह धक्का लगाकर उसका ध्यान भंग करना कितना बड़ा पाप है। उस युवती ने राजा को पहले ऊपर से नीचे तक देखा और कहा - आपको धक्का लगा जरूर होगा लेकिन मुझे याद नहीं। मैं अपने प्रेमी से मिलने जा रही थी। मुझे कुछ नहीं पता कि आप कहां ध्यान लगा रहे थे लेकिन मुझे आश्चर्य होता है कि मैं तो अपने प्रेमी से मिलने जा रही थी।

मेरा ध्यान सिर्फ अपने प्रेमी से मिलने पर केंद्रित था। मुझे पता ही नहीं चला कि आप परमात्मा के ध्यान में बैठे हैं। आपको मेरा पता चल गया? राजा को उसकी बात समझ आ गई और उसने उसे छोड़ दिया। क्योंकि यह साबित हो गया थी कि राजा के मन में वह समर्पण का भाव नहीं था जो उस प्रेमिका में था। उसके प्रेम में वह तीव्रता और वलंतता थी जिसने राजा को सोचने पर मजबूर कर दिया।

# 4 साल में 2 बार उप-मुख्यमंत्री बने अजीत पवार



सनत जैन

महाराष्ट्र में अजित पवार एक बार फिर भाजपा की गोद में बैठ गए हैं। वह देश के पहले ऐसे उपमुख्यमंत्री होंगे, जो विधानसभा के एक ही कार्यकाल में पहली बार 84 घंटे के लिए उप मुख्यमंत्री बने। उसी कार्यकाल में दूसरी बार पुनः उप मुख्यमंत्री पद की शपथ ली। अब वह कितने घंटे और कितने दिन उप मुख्यमंत्री के पद पर बने रहेंगे, इसको लेकर तरह-तरह की चचाएं हो रही हैं। इस बार अजीत पवार 35 राकांपा विधायकों को साथ में लेकर भाजपा की गोद में जाकर बैठ गए हैं। उनके साथ प्रफुल्ल पटेल भी एनसीपी छोड़कर भाजपा में चले गए हैं। महाराष्ट्र की राजनीति में उत्तराधिकार को लेकर जो लड़ाई कई दशक पहले बाला साहब ठाकरे के परिवार उद्धव और राज ठाकरे में लड़ी गई थी। उसकी पुनरावृत्ति एनसीपी के पवार परिवार में हुई है। शरद पवार ने अपनी बेटी को अपना उत्तराधिकारी बनाया है। यह प्रचारित किया जा रहा है कि अजित दादा पवार अपने चाचा से खफा होकर भाजपा की गोद में मय लाव लश्कर के साथ चले गए हैं। इसमें एक बड़ा पेंच बताया जा रहा है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी हाल ही में मध्य प्रदेश की राजधानी भोपाल में थे। उन्होंने अपनी भोपाल की यात्रा में भ्रष्टाचारियों को जेल भेजने और कार्रवाई करने की चेतावनी दी थी। उसमें सबसे पहला नाम एनसीपी के अजीत पवार का था। अजित दादा पवार और उनके सहयोगियों के खिलाफ ईडी और सीबीआई का भारी दबाव बना हुआ था। 2024 के पहले लोकसभा चुनाव को देखते हुए महाराष्ट्र में एनसीपी को तोड़ना भाजपा की सबसे बड़ी प्राथमिकता थी। भाजपा इस तोड़-फोड़ में पूरी तरह से सफल हुई है। यह माना जा रहा है कि प्रफुल्ल पटेल को केंद्रीय मंत्रिमंडल में शामिल किया जाएगा। महाराष्ट्र की कमान जो अभी मुख्यमंत्री के रूप में एकनाथ शिंदे के पास है। उन्हें भी केंद्र में मंत्री बनाया जाएगा। उनके स्थान पर देवेंद्र फडणवीस को एक बार फिर मुख्यमंत्री बनाकर महाराष्ट्र सरीके के महत्वपूर्ण राज्य की जिम्मेदारी भाजपा अपने ही नेता को देगी। अजित पवार के आ जाने से महा अगाड़ी गठबंधन के प्रमुख दल शिवसेना और राकांपा में भारी टूट-फूट हो जाने के बाद भाजपा का मुकाबला करने की स्थिति में महा अघाड़ी गठबंधन नहीं होगा।



सुप्रीम कोर्ट के फैसले को लेकर यह आशंका बनी हुई थी कि मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे और उनके 16 विधायकों के ऊपर दल बदल कानून के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। उन्हे मुख्यमंत्री पद छोड़ना पड़ सकता है। इसको ध्यान में रखते हुए यह बदलाव भाजपा के लिये सरकार बचाने के लिये महत्वपूर्ण था। 2024 के लोकसभा चुनाव में इसका क्या परिणाम होगा, इसको लेकर तरह-तरह से राजनीतिक कयास और अटकलें लगना शुरू हो गई हैं। विशेष रुप से अजीत पवार एंड कंपनी के ऊपर प्रधानमंत्री ने हाल ही में भोपाल की सभा में बड़े भ्रष्टाचार और घपले के आरोप लगाए थे। उन्हें जेल पहुंचाने की बात प्रधानमंत्री ने कही थी। अब उन्हीं को अपनी पार्टी में लेकर आना और महाराष्ट्र का उप मुख्यमंत्री बना देना, लोकसभा चुनाव में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और भाजपा की छवि को किस तरह से प्रभावित करेगा। राजनीति के महारथियों का मानना है कि अभी महाराष्ट्र की सरकार बचाने में जरूर भाजपा सफल हो गई है। लेकिन लोकसभा और अन्य राज्यों के आसन्न विधानसभा चुनाव में इसका दुष्प्रभाव भाजपा को झेलना पड़ेगा। भाजपा की विश्वसनीयता को लेकर आम जनता के बीच में अविश्वास बढ़ेगा। विपक्ष पहले से भी यह आरोप लगाता रहा है, कि भाजपा पहले विपक्षी नेताओं पर आरोप लगाती है। ईडी, सीबीआई का भय दिखाती है। आरोपी भ्रष्टाचारी जब भाजपा में आ जाते हैं, तो भाजपा की मशीन में साफ-सुथरे होकर बाहर निकल जाते हैं। विपक्षी दलों के दर्जनों भ्रष्टाचारी नेता भाजपा में शामिल होकर महत्वपूर्ण पदों पर आसीन हैं। इससे जनता के बीच में प्रधानमंत्री मोदी को लेकर जो विश्वास बना हुआ था, वह अविश्वास में बदलने का कारण बनेगा।

# मुद्दा : टमाटर उत्पादक पस्त, जमाखोर मस्त



रवि शंकर

कुछ माह पहले किसानों ने दाम न मिलने से जिस टमाटर को सड़क पर फेंका था, अब उसके दामों में सबसे ज्यादा उछाल देखने को मिल रहे हैं।

यू कहें कि पिछले कुछ दिनों से टमाटर के दाम आसमान छू रहे हैं जिससे देश के विभिन्न क्षेत्रों के बाजारों में टमाटर लाल हो चला है। टमाटर महंगे होने की वजह से लोग लाल-पीले हो रहे हैं। तीस से 40 रुपये किलो बिकने वाला टमाटर 100-120 रुपये प्रति किलो तक पहुंच गया है।

मौजूदा समय में दिल्ली ही नहीं, देश के अन्य भागों में भी उपभोक्ता टमाटर की बढ़ी कीमतों से प्रभावित हैं। थोक और खुदरा कारोबारी आवक में भारी कमी का हवाला देकर टमाटर के दाम बढ़ा रहे हैं, जबकि मंडियों से प्राप्त आवक के आंकड़े कारोबारियों के इस तर्क से पूरी तरह मेल नहीं खाते। एकाएक कीमतों में वृद्धि के लिए उत्तर भारत के विभिन्न क्षेत्रों में भारी वष्रा, जिससे फसल को नुकसान हुआ है, को जिम्मेदार ठहराया गया है। हिमाचल प्रदेश और उत्तराखंड में बारिश से फसल प्रभावित हुई है और इसकी आपूर्ति भी मांग की तुलना में कम हो गई है। हालांकि उम्मीद की जा रही है कि कुछ राज्यों में अगले एक दो महीनों में जब टमाटर और अन्य सब्जियों की नई खेप की आवक बढ़ेंगी तो कीमतों में राहत मिलेगी।

इस बीच सरकार ने कहा है कि कीमतों में उछाल अस्थायी और मौसमी है। आज की तारीख में स्थिति यह है कि मानसून आते ही मुनाफाखोरों की वजह से सब्जी के दाम आसमान छूने लगे हैं। फुटकर में टमाटर ही नहीं, बल्कि सब्जियों के दाम चार गुना बढ़ गए हैं। कीमतों में अचानक उछाल की अहम वजह हरियाणा, यूपी और दक्षिण भारत के कई राज्यों में फसल बर्बाद होना बताया जा रहा है। हालांकि टमाटर के भाव देख कर केंद्र सरकार अलर्ट हो गई है। महंगाई की इस मार से ग्राहक और दुकानदार, दोनों परेशान हैं जबकि इस समय तक अमूमन सब्जियां महंगी नहीं मिलतीं।

आखिर, सरकार रिटेल कारोबारियों के खिलाफ कुछ भी करने में असमर्थ क्यों नजर आ रही है? देश भर में नगदी फसलों के रूप में सब्जियां किसानों के लिए बड़ा सहारा हैं, लेकिन विभिन्न कारणों से उन्हें अक्सर घाटा ही उठना पड़ता है। यूपी, पंजाब, मध्य प्रदेश से लेकर महाराष्ट्र तक के किसान घाटे के शिकार हुए हैं। गौरतलब है कि किसानों से आधी कीमत पर सब्जी खरीद कर मनमानी रेट पर मुनाफाखोर व्यापारी बेच रहे हैं। किसान लुट जाता है क्योंकि उसके पास सब्जी रखने के लिए कोल्डस्टोरेज नहीं हैं।

दाम उछलने से सबसे ज्यादा मध्यमवर्गीय और गरीब उपभोक्ता प्रभावित हो रहे हैं। वैसे भी भारत की अर्थव्यवस्था सटोरियों और बिचौलियों के हाथों में ही रही है। उनके कारण जमाखोरी बढ़ रही है। रिटेल बाजार में खाद्य पदाथरे के दाम चाहे कुछ भी क्यों न बढ़ जाएं, किसान को इसका फायदा कदाचित ही पहुंचता हो। पूरा हिस्सा बिचौलिए और रिटेलर खा जाते हैं। न तो किसान को कुछ मिल पाता है, और न ही उपभोक्ता को। इतना ही नहीं, धीरे-धीरे किसान के हाथ से उसकी जमीन भी छिनती जा रही है। इसे कृषि प्रधान देश का उपनाम बेमानी लगने लगा है। वैसे अर्थशास्त्रियों की दलील हमेशा भ्रम पैदा करती है, जीडीपी का हवाला देकर ऐसा हो-हल्ला मचाते हैं कि लगता है कि देश एक झटके से विकास के शिखर पर पहुंच गया है।

देश की सियासत में गरीबी हटाने की बात मजबूत और असरदार टूल साबित हुई है। गरीबी हटाओ नारा इंदिरा गांधी की राजनीति का ब्रह्मास्त्र रहा और हाल फिलहाल प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी भी किसी न किसी रूप में इसका जिक्र करते रहे हैं। बहरहाल, किसान की सबसे बड़ी समस्या कर्ज नहीं है। अधिक उत्पादन उत्पादों का उचित मूल्य न मिल पाना, भंडारण और मंडियों तक पहुंच की पर्याप्त सुविधाओं का अभाव, बाजार जोखिम और वैकल्पिक आजीविका न होना भी बड़े कारणहैं,जिनके लिए केंद्र और राज्य सरकारों को मिलकर प्रभावी नीति बनाने की दरकार है। ऐसे में केंद्र और राज्य सरकारों को किसानों की स्थायी



समस्या के निदान के लिए ठोस एवं कारगर नीति बनानी चाहिए ताकि देश के अन्नदाता आत्महत्या करने के लिए मजबूर नहीं हों। ऐसा नहीं हुआ तो किसानों की नाराजगी बीजेपी के मिशन 2024 में पार्टी के लिए बड़ी चुनौती के रूप में सामने आ सकती है। हालांकि कहना मुश्किल है कि महंगाई की मार झेल रहे भारत का ऐसी सामाजिक-राजनीतिक बाधाओं से कुछ लेना-देना है या नहीं। कुल मिलाकर महंगाई ने आमजन को अपने सोच में बदलाव लाने पर मजबूर कर दिया है। छोटी-मोटी नौकरियां कर रहे लोगों के कई शौक तो महज सपने भर रह गए हैं। हर कदम पर लोगों को हालात से समझौता करना पड़ता है। सच्चाई यह है कि पिछले दो दशकों में ऊंची वृद्धि दर के साथ ऊंची महंगाई दर ने लोगों के मुंह से निवाला छीन लिया है। इस दौरान गरीबों की आय में जो मामूली वृद्धि हुई, वह भी ऊंची महंगाई ने लील ली। बेशक, आमजन के लिए महंगाई सचमुच बड़ा मुद्दा है।

# गुरु की आराधना ही प्रशस्त करती है ईश्वर के सानिध्य का मार्ग: डा दिनेश शर्मा

## विचारो की भिन्नता के बाद भी रहनी चाहिए परिवार में एकता,गुरु ही दिखता है ईश्वर के बताए हुए मार्ग पर चलने की राह





खबर दृष्टिकोण

लखनऊ। लखनऊ। पूर्व उपमुख्यमंत्री डा दिनेश शर्मा ने कहा कि गुरु की आराधना ही ईश्वर के सानिध्य का मार्ग प्रशस्त करती है। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर यहां उपस्थित लोगों ने आज केवल गुरु की नहीं बल्कि ईश्वर की वन्दना भी की है जो उनके घरों में सुख समृद्धि और शान्ति लेकर आएगी। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर ओम नमरू शिवाय आश्रम में आयोजित गुरु पूजन कार्यक्रम में हजारों शिव भक्तों को सम्बोधित करते हुए डा शर्मा ने श्रावण माह को भगवान शंकर की आराधना का माह बताते हुए कहा कि भगवान विष्णु जब शयन के लिए चले जाते हैं तब भगवान शंकर की आराधना पूरे विश्व में मानव का कल्याण करती है। उन्होंने कहा कि आज का दिन उस गुरु के स्मरण का दिन है जो जीवन में इंसान बनने का पाठ पढाता है। यह गुरु ही है जो ईश्वर के बताए हुए मार्ग पर चलने की राह दिखाता है। भगवान राम ने भी बजरंगी बली को आशीर्वाद देते हुए कहा था कि जहां सत्य तथा धर्म का अनुसरण हो और ईश्वर की भक्ति हो वहां पर बजरंग बली मेरा प्रतिरूप बनकर इस मानव जाति के कल्याण के लिए प्रकट हों। यहां पर उपस्थित लोगों को बजरंग बली का आशीर्वाद जरूर मिल रहा होगा क्योंकि वे यहां गुरु की आराधना के साथ ईश्वर की आराधना करते हुए ओम नमरू शिवाय का जाप भी कर रहे हैं। डा शर्मा ने कहा कि भगवान का स्मरण एवं सत्य का अनुसरण तथा गुरु का वंदन ऐसा मंत्र है जो जीवन में सुख शान्ति और समृद्धि लाता है। उन्होंने कहा कि किसी व्यक्ति का जब जन्म होता है तो वह रोते हुए जन्म लेता है और उसके बाद बडा होते समय भी वह अनके कारणों से दुखी रहता है तथा जब वह संसार छोडता है तब भी लोग उसे रोते हुए ही विदा करते हैं। जन्म से लेकर संसार को छोडने के बीच के समय में ईश्वर और गुरु की वंदना का समय व्यक्ति को प्रसन्नता का भाव देता है। यहां पर उपस्थित लोग आज उस आनन्द के क्षण को जी रहे हैं। उन्होंने उपस्थित लोगों को शिव परिवार के सदस्यों की सवारी का उदाहरण देते हुए कहा कि एक दूसरे का दुश्मन होने के बावजूद आपस में सामंजस्य बनाकर एक साथ में रहते हैं। उसी प्रकार विचारो की भिन्नता के बाद भी परिवार में एकता रहनी चाहिए। भगवान शिव का आज श्रावण मास में लोगों के लिए संदेश यही है कि आपस में सामंजस्य बनाकर रहने से बडा कोई दूसरा सुख नहीं है।

# पुलिस का गुड वर्क बना बैड वर्क

## पुलिस अभिरक्षा से आरोपी हुआ फरार




संवाददाता आशुतोष दिवेदी

खबर दृष्टिकोण

लखनऊ। लखनऊ नॉर्थ जोन की मड़ियांव पुलिस बड़ी सक्रियता के साथ अपराधियों को पकड़ने में कामयाबी हासिल करती है. वहीं दूसरी ओर इन कामयाबीयों के बीच कुछ नाकामयाबी सामने आती है. इन्हीं नाकामियों के साथ पुलिस का गुडवर्क, वैडवर्क में तब्दील हो गई. आपको बताते चलें की मड़ियाव पुलिस ने 5 अंतर्राज्यीय वाहन चोरों को गिरफ्तार किया था. यह सभी और आरोपी कई राज्यों में वाहन चोरी कर चुके हैं ,और कई थानों में उनसे संबंधित में बनेगी दर्ज हैं.

सभी आरोपी अजहरुद्दीन अमान, सानू ,शहजाद, इमरान को मड़ियाव थाने से दाखिल होने के बाद अस्पताल मेडिकल के लिए ले जाया गया. उसी दौरान पुलिस अभिरक्षा से एक आरोपी इमरान फरार हो गया. इस लापरवाही में डीसीपी नॉर्थ ने पुलिस कांस्टेबल मुकेश मौर्य को निलंबित कर लाइन हाजिर कर दिया है,और पुलिस फरार आरोपी इमरान की तलाशी में जुटी हुई है. फरार आरोपी को गिरफ्तार करने के लिए, डीसीपी नार्थ ने टीम गठित की है.

**वहीं दूसरी तरफ** बाजार खाला थाना अंतर्गत पुलिस की रविवार के दिन बड़ी लापरवाही सामने आई थी. चिकित्सकीय परीक्षण के लिए अस्पताल आया एक दुष्कर्म का बंदी पुलिस को चकमा देकर फरार हो गया. इसके बाद पुलिस ने बंदी की तलाश में उसके घर पर दबिश दी. लेकिन, वह वहां नहीं मिला. बंदी को पकड़ने के लिए पुलिस की कई टीमे लगाई गई हैं. बंदी के खिलाफ रविवार को एक दलित किशोरी के साथ दुष्कर्म और और मारपीट की धारा में मुकदमा दर्ज किया गया था. लेकिन अभी तक 24 घंटे बीत जाने के बाद भी पुलिस आरोपी को गिरफ्तार नहीं कर पाई है.

**पुलिस से मिली जानकारी में बताया गया कि, मेडिकल ले जाते समय पुलिस अभिरक्षा से आरोपी इमरान फरार हो गया**

लापरवाही देखते हुए सिपाही मुकेश मौर्य को सस्पेंड कर दिया है. वही बताया कि वाहन चोरी के आरोप में पांच आरोपी को गिरफ्तार किया गया ,जो अंतर्जनपदीय वाहन चोरों के पास से 15 मोटरसाइकिल और एक मारुति वैन हुई थी ,प्रेस कॉन्फ्रेंस होने से पहले पुलिस अभिरक्षा से आरोपी इमरान फरार हो गया. बाकी चार आरोपी अजहरुद्दीन, अमान, सानू, शहजाद जेल भेज दिया गया है.फरार अभियुक्त इमरान की तलाश में पुलिस जुटी हुई है. शिवानंद मिश्रा थाना प्रभारी ने जानकारी देते हुए बताया कि फरार आरोपी की तलाश में पुलिस टीम लगाई गई है, वही लापरवाह कांस्टेबल के खिलाफ विधिक कार्यवाही करते हुए सस्पेंड कर दिया गया.

## खबर एक नजर में

### मोहनलालगज बार एसोसिएशन के चुनाव की तारीख घोषित

मोहनलालगंज। मोहनलालगज बार एसोसिएशन पदाधिकारियो ने सोमवार को आम सभा की बैठक में बार चुनाव के तारीख की घोषणा कर एल्डर कमेटी का गठन करते हुए चुनाव कराने का प्रस्ताव पारित किया।मोहनलालगज बार एशोसिएशन अध्यक्ष कौशलेंद्र शुक्ला ने बताया सोमवार को आम सभा की बैठक मेंआगामी 2023–2024 के चुनाव को लेकर 4 नवम्बर की तिथि तय कर वर्तमान कार्यकारिणी को भंग कर आम सभा द्वारा गठित एल्डर कमेटी को एक सप्ताह के भीतर अभिलेखीय चार्ज दे दिए जाएंगे इसके बाद आगे के फैसले एल्डर कमेटी ही लेगी।आम सभा के दौरान कुछ वकीलों ने हंगामा किया जिसके बाद अध्यक्ष अपने हस्ताक्षर बनाकर बार भवन से बाहर चले गये।इस मौके पर महामंत्री रामलखन,शिव अटल सिहं,अमरेन्द्र प्रताप सिहं समेत काफी संख्या में अधिवक्ता मौजूद रहें।

### नाबालिग का गार्जियन बन फर्जी दस्तावेजों के आधार संपत्ति में अपना नाम दर्ज कराने वाली महिला गिरफ्तार

खबर दृष्टिकोण

लखनऊ। बीकेटी पुलिस टीम द्वारा सोमवार को थाना क्षेत्र से एक शातिर महिला को नाबालिग से संरक्षिका बन फर्जी दस्तावेज तैयार कर सम्पत्ति को अपने नाम पर रजिस्टर कराने के आरोप में गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। बीकेटी प्रभारी निरीक्षक ब्रजेश चन्द्र तिवारी ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर चन्द्रिका देवी मंदिर के पास से दर्ज मुकदमे में वांछित महिला को गिरफ्तार किया गया है। गिरफ्तार की गई महिला के खिलाफ स्थानीय थाने पर नाबालिक की संरक्षिता बन उसकी संपत्ति को कूटरचित एवं फर्जी दस्तावेजों के आधार पर अपन नाम कराने के आरोप में मुकदमा दर्ज था। पुलिस की पूछताछ में अभियुक्ता ने अपना परिचय विटाना पत्नी स्व0 सोहन लाल निवासी लोहजरा पोस्ट गोपरामऊ थाना माल जनपद लखनऊ बताया है। जिसके खिलाफ दर्ज मुकदमे में कार्यवाई करते हुए जेल भेज दिया है।

### औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में ऑनलाइन आवेदन की तिथि अब 10 जुलाई 2023

खबर दृष्टिकोण

लखनऊ।विशेष सचिव, व्यावसायिक शिक्षा एवं कौशल विकास एवं अधिशासी निदेशक, एससीवीटी अभिषेक सिंह ने बताया कि प्रदेश के राजकीय व निजी औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थानों में माह अगस्त 2023 से प्रारम्भ प्रशिक्षण सत्र हेतु अभ्यर्थियों के हित को ध्यान में रखते हुए वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन की सुविधा 10 जुलाई 2023 की रात्रि 12.00 बजे तक बढ़ा दी गई है। अभ्यर्थी एससीवीटी की वेबसाइट http://www-sevtup-in पर जाकर ऑनलाइन आवेदन कर सकते है। वेबसाइट पर ऑनलाइन आवेदन में सहायता हेतु विवरणी (दिशा–निर्देश) ई–फार्म में उपलब्ध है। ऑनलाइन आवेदन से सम्बंधित सूचना के लिए राज्य व्यावसायिक प्रशिक्षण परिषद, उत्तर प्रदेश, अलीगंज लखनऊ के हेल्प डेस्क नंबर 0522–4150500, 7897992063 दूरभाष नम्बरः 0522–4047658, 9628372929 ई–मेलः help@admissionscvtup-in से संपर्क कर सकते हैं।

### गुरु पूर्णिमा पर जरूरतमंदों के बीच पारस किया वस्त्र वितरण

प्रयागराज। आज गुरु पूर्णिमा के शुभ अवसर पर पारस फाउंडेशन के सदस्यों द्वारा परेड ग्राउंड में तंबू लगाकर रहने वाले असहाय परिवारों एवं जरूरतमंदों के बीच वस्त्र वितरित किए गए। जिसमें महिलाओं पुरुषों एवं बच्चों के बीच लगभग 100 से अधिक संख्या में वस्त्रों का वितरण किया गया। बच्चों में नए कपड़े पाकर खुशी की लहर थी साथ ही माताओं एवम पुरुषो ने भी कपड़े लेकर सभी का धन्यवाद किया। बच्चों में बिस्किट भी वितरित किए गए। वस्त्र वितरण में प्रमुख रूप से सुभाष तिवारी, मधुमिता नाथ, अरुण निषाद, शुभेंद्र पांडेय एवं दीप द्विवेदी उपस्थित रहे।

# गुरु पूर्णिमा पर हजारों लोगों ने लगाई संगम में आस्था की डुबकी

***मठ–मंदिरों में विशेष पूजा–अर्चना के बीच पूजे गए गुरुजन, विद्यालयों में भी हुआ गुरुजनों का हुआ सम्मान***

प्रयागराज। प्रयागराज में गुरु पूर्णिमा का पर्व पूरे आस्था व उल्लास के साथ मनाया जा रहा है। संगम तट पर भी सुबह से स्नान–दान का सिलसिला चल रहा है। गुरु पूर्णिमा के मौके मठ–मंदिरों को भव्य तरह से सजाया गया है। बड़ी संख्या में लोग अपने–अपने गुरुओं के दर्शन पूजन के लिए पहुंचे। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर प्रयागराज के संगम में हजारों श्रद्धालुओं ने आस्था की डुबकी लगाई और दान–पुण्य किया। गुरु पूर्णिमा के दिन त्रिवेणी में स्नान के बाद दान का विशेष महत्व है। यही वजह है कि बड़ी संख्या में श्रद्धालु संगम स्नान के लिए पहुंच रहे हैं। त्रिवेणी में आस्था की डुबकी लगा रहे हैं। स्नान–दान के बाद यहां से निकलकर मठ मंदिरों में दर्शन–पूजन के साथ अपने गुरुजनों का आशीर्वाद भी ले रहे हैं। एसीपी दारागंज चिराग जैन ने बताया कि गुरु पूर्णिमा के मौके पर संगम स्नान को देखते हुए सुरक्षा के व्यापक प्रबंध किए गए हैं। स्नान घाटों पर डीप वाटर बैरिकेडिंग की गई है। पिछले दिनों लोगों के डूबने की घटनाओं को देखते हुए जल पुलिस के साथ ही विशेष प्रशिक्षित गोताखोरों को भी घाटों पर तैनात किया गया है। श्रद्धालुओं को स्नान के समय गहरे पानी से रोकने के लिए अलग–अलग जल पुलिस की टीमें घाटों पर तैनात की गई हैं। पुलिस बल के जवान लोगों को गहरे पानी में स्नान न करने की अपील करते दिखे। गुरु पूर्णिमा के अवसर पर श्री मठ बाघंबरी गद्दी में विशेष पूजा– अर्चना की गई। इस अवसर पर नरेंद्र गिरि को भी उनके शिष्यों ने याद किया और श्रद्धा सुमन अर्पित किए। अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के अध्यक्ष रहे नरेंद्र गिरि के निधन के बाद श्री बाघंबरी गद्दी मठ के मठाधीश बने श्री महंत 108 बलवीर गिरि जी महाराज की भी गुरु पूर्णिमा के दिन शिष्यों ने पूजा–अर्चना की। गुरु से हजारों संतों और अनुयायियों ने अल्लापुर मठ पहुंचकर आशीर्वाद लिया। इस दौरान वैदिक मंत्रों के बीच संत महात्माओं ने विशेष पूजा अर्चना की। कैलाशवाशी महंत नरेंद्र गिरि के समाधि स्थल पर श्रद्धा के फूल चढ़ाए गए। विशेष पूजा की गई।

# ट्रैवल्स एंड ट्रांसपोर्टरों ओनर्स वेलफेयर एसोसिएशन की बैठक आयोजित कर की गई चुनाव की घोषणा



खबर दृष्टिकोण लखनऊ। लखनऊ पारा क्षेत्र के द एलिट होटल में रविवार को ट्रैवल एंड ट्रांसपोर्ट ओनर्स वेलफेयर एसोसिएशन उ०प्र० द्वारा मासिक बैठक का आयोजन किया गया। बैठक में 11पदों की नई इकाई के लिए आगामी 17 जुलाई को चुनाव की घोषणा की है और बैठक दौरान यह तय हुआ कि संगठन का कार्यकाल जुलाई माह में समाप्त हो रहा है इस कारण पुनः की तरह पारदर्शी रूप अपनाते हुए स्वतंत्रता पूर्वक चुनाव कर पदाधिकारी नियुक्त किये जायेंगे। इस चुनाव द्वारा अध्यक्ष उपाध्यक्ष महामंत्री आदि पदों का चुनाव किया जायेगा।

# रोग हरण हनुमान मंदिर में चल रही रामकथा की हुई पूर्णाहुति

## राजा भैया ने किया संतों का पूजन अर्चन

प्रयागराज। प्रयागराज के प्रतिष्ठानपुरी झूसी स्थित देवराहा बाबा न्यास आश्रम मे रोग हरण हनुमान जी के मन्दिर मे चल रहे राम कथा के आज पूर्णाहुति के अवसर पर प्रातः नवाह परायण पाठ के पूर्णाहुति हुई। इस अवसर पर अखिल भारतीय अखाड़ा परिषद के राष्ट्रीय प्रवक्ता महंत गौरी शंकर दास जी महराज, हनुमान गढी श्री धाम अयोध्या द्वारा समस्त संतो का पूजन एव सम्मान किया गया। सायंकाल 4 बजे कथा प्रारम्भ के मुख्य अतिथि कुण्डा के विधायक कुंवर रघुराज प्रताप सिंह राजा भैया ने रोग हरण हनुमान जी के दर्शन कर कथा व्यास पीठ का पूजन कर कथा व्यास पीठ से अपने मुखार विन्दु से राम कथा की अमृत वर्षा करने वाले रामजन्म भूमी से पधारे श्री अयोध्या दास का टीका अर्चन कर संतो का आशीर्वाद ग्रहण किया। इसके पश्चात हिन्दु सनातन संस्कृत को संबल कैसे प्रदान किया जाये इस विषय पर समस्त उपस्थित भक्तो का मार्ग दर्शन किया। राजा भैया के विचारों को सुनकर सभी संतो ने भूरी भूरी प्रशंसा की। स्वामी राम दास जी महाराज ने कहा ऐसे महापुरुषों के भगीरथ प्रयास से ही संभव है कि आने वाली पीढी को हम लोग जैसा अपने पूर्वजो से सनातन धर्म और अपनी परम्पराओं को प्राप्त किये है उसे दे सके। उपस्थित लोगों मे अयोध्या से पधारे श्री राम वल्लभाचार्य कुंज के उत्तराधिकारी राजकुमार दास जी महाराज, श्री मद जगतगुरू रामानंद स्वामी श्री राम दिनेशाचार्य, मंगल भवन पीठाधीश्वर कृपालु जी महराज, श्री राम शरण, ईश्वर दास त्यागी, शनत कुमार शरण, महामण्डलेश्वर जनार्दन दास, महंत गिरीश दास, मनिष दास के अलावा अनेक संत महात्मा के अलावा शहर के अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

# गुरु पूर्णिमा पर हुआ शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती का पूजन

प्रयागराज। गुरु पूर्णिमा के पावन अवसर पर ज्योतिष पीठाधीश्वर जगतगुरु शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती के शिष्य डा० शैलेंद्र योगी उर्फ योगराज सरकार द्वारा शंकराचार्य स्वामी अविमुक्तेश्वरानंद सरस्वती की फोटो पर माला चढाकर पूजा अर्चना की गई। शिष्य व मीडिया प्रभारी शैलेन्द्र योगी उर्फ योगीराज सरकार ने शंकराचार्य के अनुयायियों से कहा कि गुरु के बिना भव सागर से पार नहीं लगा जा सकता। गुरु द्वारा दिया हुआ ज्ञान हमें भविष्य के लिए तैयार करता है। एक गुरु ही है जो कि जन्म मरण के बन्धन से मुक्त होने का रास्ता बताता है। शिष्य शैलेंद्र योगी के साथ योगिनी निर्मला देवी,अंजू सिंह, सक्षम सिंह योगी, साक्षी समेत तमाम शिष्यों ने शंकराचार्य जी की पूजा–अर्चना किया।

# एसआरएन अस्पताल में कर्मचारियों की मनमानी पर मरीज हंगामा

## तीमारदारों ने लगाया रुपए देने वालों का पहले जांच शुल्क जमा करने का आरोप

प्रयागराज। स्वरूपरानी नेहरू अस्पताल में सोमवार को मरीज और तीमारदारों ने हंगामा कर दिया। शुल्क कांउटर पर बैठे अस्पतालकर्मियों के ऊपर रुपए मांगने और दुर्व्यवहार करने का आरोप लगाते हुए तीमारदारों ने इसकी शिकायत उच्चाधिकारियों से कर दी। कुछ तीमारदारों ने बैकडोर से काम करने के लिए रुपये लेते हुए देख लिया तो वह उग्र हो गए। उनका कहना था, सुबह आठ बजे से वह लाइन में लगे हुए हैं उनका नंबर दोपहर 12 बजे तक नहीं आया। पता चला कि कांउटर बैठे दो स्टाफ लोगों से अधिक रुपये लेकर पीछे से ही उनका शुल्क जमा करा दे रहे हैं। मरीजों के आक्रोश को देखते हुए पुलिस फोर्स और अस्पताल के प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ. अजय कुमार सक्सेना भी मौके पर पहुंच गए। तीमारदारों ने रिश्वत लेने का आरोप लगाया और सीसीटीवी में इसका साक्ष्य देखने की मांग करने लगे। प्राप्त जानकारी के अनुसार जंघई से अपनी पत्नी का इलाज कराने के लिए आए अरविंद कुमार ने बताया कि वह सुबह आठ बजे से अपने बच्चे को लेकर यहां लाइन में लगे हुए हैं। लेकिन यहां नंबर ही नहीं आ रहा है। काउंटर पर बैठे लोग ऐसे लोगों का शुल्क पहले जमा कर रहे थे जो पीछे वाले गेट से रुपये अधिक दे रहे थे। अरविंद ने नाराजगी जाहिर करते हुए इसकी शिकायत डीएम से करने की बात कही। यह सुनते ही अंदर कांउटर पर बैठे एक स्टाफ ने कहा, जाओ यहां से जिसे शिकायत करनी हो कर दो क्योंकि यहां के डीएम मैं हूं। यह सुनते ही तीमारदार और नाराज हो गए। प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक डॉ. सक्सेना के काफी समझाने के बाद किसी तरह मामला शांत कराया गया। इस संबंध में मोतीलाल नेहरू मेडिकल कॉलेज के प्राचार्य डॉ. एसपी सिंह ने कहा, शिकायत को संज्ञान में लेते हुए हमने प्रमुख चिकित्सा अधीक्षक को जांच कराने के लिए निर्देशित किया है। इसमें यदि मरीजों से रिश्वत लेने और दुर्व्यवहार करने का मामला सामने आता है तो जो भी इसके लिए दोषी होगा उसके खिलाफ कार्रवाई की जाएगी।

## सच्चा गुरु विकारों में नहीं फंसाता: अनूप गुरु

प्रयागराज। मॉर्निंग वाकर्स एसोसिएशन एवं हरि ओम योग संस्थान के सदस्यों द्वारा प्रातः आजाद पार्क में गुरु पूर्णिमा पर्व पर प्रख्यात योग गुरु अनूप गुरु का सम्मान किया गया। वाकर्स एसोसिएशन के अध्यक्ष किशोर वार्ष्णेय ने अनूप गुरु का शाल ओढ़ा कर सम्मान किया जबकि दीपक अग्रवाल ने माल्यार्पण किया। स्वागत से अभिभूत अनूप ने कहा कि गुरु पूर्णिमा भारत के सबसे सम्मानित गुरू वेद व्यास की स्मृति में मनाया जाता है जो आज ही के दिन पैदा हुए थे। उन्होंने चारों वेदों की संरचना की थी। कहा कि सच्चा गुरु किसी को भी विकारों में नहीं फंसाता बल्कि विकारों को नष्ट कर शिष्यों में ज्ञान की अग्नि पैदा करता है। गुरू अज्ञानता को मिटाता है, जिसके सिद्धांत और शिक्षा का पालन करने के लिए शिष्यों को खुद को समर्पित करना चाहिए। गुरू– शिष्य का संबंध ऐसा ही होता है, जैसे एक संतान का अपने माता– पिता से होता है। एक शिष्य अपने गुरु की छवि होता है। अरविंद सिंह ने आभार व्यक्त किया।

# आओ अपनी भूल सुधारें, पर्यावरण का रूप निखारें: अनामिका चौधरी

प्रयागराज। चंद्रशेखर आजाद पार्क प्रयागराज में गंगा टास्क फोर्स द्वारा आयोजित साप्ताहिक वन महोतसव कार्यक्रम संपन्न हुआ। मुख्य अतिथि श्रीमती अनामिका चौधरी प्रांत संयोजक गंगा विचार मंच राष्ट्रीय स्वच्छ गंगा मिशन तथा प्रदेश मंत्री भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश एवं प्रभारी मीरजापुर ने कहा कि पेड़ का महत्व पिछले वर्षों के कोरोना काल में समझ आया। आक्सीजन की कमी से सारा देश जूझ रहा था। जगह जगह आक्सीजन के प्लांट लगाए गए लेकिन फिर भी लोग काल कवलित होते गए। एक वृक्ष ही है धरती पर जिसके द्वारा मानव जीवन के साथ साथ जीव जंतुओं की जीवन चलती है।वह धूप, बारिश, ठंड सह कर भी हमें जीवन दायिनी आक्सीजन देता है और सभी को नुक्सान पहुंचाने वाली जहरीली गैसों को सोखकर हमारी रक्षा करता है। जिला वानिकी अधिकारी महावीर कैजल ग्री ने पौधारोपण के सही तरीके सभी को बताया।



बच्चों के लिए स्कूल में स्पोर्ट्स खेलना जरूरी होता है क्योंकि यह कई तरह से उन्हें फायदा पहुंचाता है।

# बच्चे के स्कूल में जरूर होनी चाहिए स्पोर्ट्स फैसलिटी

सिर्फ काम और खेलकूद नहीं, ऐसे तो बच्चा सुस्त बन जाएगा। स्पोर्ट्स से दूर रहने से इंसान फिट नहीं रह पाता है और स्ट्रेस में रहता है और बोरिंग भी बन जाता है। स्पोर्ट्स सिर्फ एंटरटेनमेंट या मजे के लिए ही नहीं होते हैं बल्कि इससे मेंटल और फिजिकल हेल्थ को भी बहुत फायदे मिलते हैं। इसलिए मेंटली और फिजिकली फिट रहने के लिए आपको स्पोर्ट्स को अपनी आदत में शुमार करना चाहिए। अगर आप भी पेरेंट हैं, तो अपने बच्चे को स्पोर्ट्स में हिस्सा लेने के लिए कहें और स्कूल में भी स्पोट्स पर जोर देने की बात करें।

## लीडरशिप स्किल्स आते हैं

स्पोर्ट्स से बच्चे में अपनी टीम का नेतृत्व करने का गुण विकसित होता है। इस प्रक्रिया के दौरान बच्चे में निर्णय लेने की क्षमता विकसित होती है। लीडर बनकर बच्चा अपनी टीम के साथ कोऑर्डिनेट करना और सलाह देना और लेना सीखता है। बच्चे को अपनी कमजोरी और ताकत का भी पता चलता है जिससे वो समय के साथ बेहतर होता जाता है।

## फिजिकल ग्रोथ होती है

फिजिकल एक्टिविटी और एक्सरसाइज से बच्चे की मांसपेशियों और हड्डियों के विकास को बढ़ावा मिलता है। स्पोर्ट्स खेलने वाले बच्चे अच्छी डाइट भी लेते हैं जिससे उनकी सेहत और एनर्जी लेवल अच्छा रहता है। हेल्दी आदतों से कोशिकाओं और हार्मोंस का लेवल भी संतुलित रहता है। अगर बच्चा फिजिकली फिट होगा, तो वो अपनी पढ़ाई पर भी अच्छे से ध्यान दे पाएगा।

## अच्छी नींद आती है

खेलकूद के बाद बॉडी धीरे-धीरे नींद लाने वाले हार्मोंस को ट्रिगर करता है। ये हार्मोंस शरीर को आराम देते हैं जिससे अच्छी नींद आती है। अगर बच्चा ठीक से सोएगा नहीं, तो उसे स्कूल में सुस्ती आएगी और वो पढ़ाई पर ध्यान नहीं दे पाएगा। इसलिए बच्चों के लिए स्पोर्ट्स जरूरी हैं।

## आत्मविश्वास बढ़ता है

गेम में बच्चे को अपनी ताकत और क्षमता के बारे में पता चलता है। इससे बच्चा खुद को दूसरों से बेहतर और अलग मानता है। अपनी ताकत को जानकर बच्चे का आत्मविश्वास भी बढ़ता है। जब टूर्नामेंट में बच्चे की तारीफ की जाती है, तो इससे उसका कॉन्फिडेंस बढ़ता है और वो नई चुनौतियों के लिए खुद को तैयार कर पाता है।

## टीम में रह कर काम करना

स्पोर्ट्स से बच्चा अपने साथियों के साथ को-ऑर्डिनेट करना सीखता है। एक टीम में अलग-अलग जेंडर, कास्ट, रंग और धर्म के लोग मिलते हैं। यहां बच्चा हर किसी के साथ काम करना और उसका आदर करना सीखता है। उसे कुछ क्रिएटिव और स्मार्ट स्किल्स भी सीखने को मिलते हैं। अब तो आप समझ ही गए होंगे कि स्कूल जाने वाले बच्चों के लिए स्पोर्ट्स कितना जरूरी है। इसका बच्चों को कई तरह से फायदा मिलता है जैसे कि वो फिजिकली फिट बनते हैं और कई तरह के स्किल्स भी सीखते हैं। अगर स्कूल में स्पोर्ट्स नहीं है तो आप स्कूल के स्टाफ से बात करें या आप बच्चे को स्कूल के बाहर किसी एकेडमी में भी कोई स्पोर्ट्स ज्वॉइन करवा सकते हैं।



# बच्चों की काबिलियत पर ध्यान दें अभिभावक

**माता-पिता बच्चे के जन्म के साथ ही उसके बहुत बड़े अधिकारी बनने के ख्वाब पाल लेते हैं। कई बार तो ये अभिभावक बच्चों की काबिलियत पर भी ध्यान नहीं देते। बड़े अधिकारी का बेटा भी पढ़ाई में बहुत अच्छा होगा, ये जरूरी नहीं है। ऐसे में उस बच्चे से तमाम उम्मीदें बांधना बच्चे के ऊपर कितना बड़ा मानसिक बोझ है!**

बच्चों को घर पर छोड़कर आए एक दंपति ने सामने वालों के घर पहुंचते ही कहा कि बच्चे पढ़ने में बिजी हैं, इसलिए खाने पर हम दोनों ही आ गए। बातों ही बातों में उन वैज्ञानिक पति और लेक्चरर पत्नी ने यह भी कह दिया कि आप लोगों ने तो मामूली सरकारी नौकरी की है इसलिए आप लोगों की बात अलग है। लेकिन हम आज जिस मुकाम पर है, उस हिसाब से हमने अपने बच्चों के लिए भी कुछ बेंच मार्क्स तय किए हैं। ताकि वह हमसे भी ज्यादा ऊंचे ओहदे पर पहुंचे!

## केस 2

'अरे साब! क्या बात कर रहे हैं, आप तहसीलदार हैं तो रोहित डिप्टी कलेक्टर बनेगा ही। नाक कटवाएगा क्या पिता की' ? उधर, तहसीलदार पिता, अपने चापलूस मित्र की बात पर केवल खिसियानी हंसी हंस रहे थे, वे ये नहीं कह पाए कि उनका बेटा अपनी काबिलियत, अपनी रुचि के हिसाब से जो बनना चाहेगा, वही बनेगा। लेकिन बेटा सहम गया। उसे तो सिर्फ उसके आगे आने वाले समय की चिंता थी।

## केस 3

'क्यों रोहन, तुम्हारे पापा शहर के इतने बड़े डॉक्टर हैं, और तुम्हें जरा भी नहीं लगता कि अपने पापा की तरह बनो? उनकी तरह क्या, तुम्हें उनसे चार कदम आगे निकलकर दिखाना होगा न' ? तुम्हारे दादा होम्योपैथी के डॉक्टर थे और तुम्हारे पापा ने मेडिसिन में नाम कमाया। जरा मन लगाकर पीएमटी की तैयारी करो। रोहन, जिसे मैथ्स, फिजिक्स जैसे विषयों में दिलचस्पी है, पिता के प्रभाव के आगे कुछ बोल नहीं पा रहा था। हां, मगर चिंता में जरूर पड़ गया कि यदि मैं डॉक्टर नहीं बन पाया तो.?

ये किस्सा केवल रोहित या रोहन का नहीं है, बल्कि हमारे समाज के अधिसंख्य बच्चों का है, जिनके माता-पिता बच्चे के जन्म के साथ ही उसके बहुत बड़े अधिकारी बनने के ख्वाब पाल लेते हैं। कई बार

अधिकारी का बेटा भी पढ़ाई में बहुत अच्छा होगा, ये जरूरी नहीं है। ऐसे में उस बच्चे से तमाम उम्मीदें बांधना बच्चे के ऊपर कितना बड़ा मानसिक बोझ है! बच्चा ऐसी इच्छाएं सुनकर ही दहशत में आ जाता है। पढ़ाई के बोझ के साथ-साथ मां-बाप का नाम रोशन करने का बोझ उठाए, न ठीक से पढ़ाई कर पाता है, न ही दिमागी सुकून मिल पाता है उसे। पढ़ाई के समय ये तनाव बच्चों के ऊपर जबर्दस्त तरीके से सवार होता है। इस तनाव के शिकार बच्चे का

तो? जैसी चिंता पर ज्यादा केंद्रित रहता है। नतीजतन, न पढ़ाई हो पाती है, न आराम और न ही अगला पेपर अच्छा हो पाता है।

## रिसर्च में भी खुलासा

अमेरिका के मियामी विश्वविद्यालय की एक रिपोर्ट बताती है कि वर्ष 1970 के बाद से बच्चों के प्रति जिस प्रकार अभिभावकों की अपेक्षाएं बढ़ रही हैं, उनसे बच्चों में तनाव का आंकड़ा आश्चर्यजनक रूप से बढ़ा है। प्रो.जेफरी पी.बोस्को का कहना है कि यह ग्राफ वर्ष 70 से लेकर 2000 के बीच में करीब 17 प्रतिशत तक बढ़ा, जो

रहा है। अभिभावकों में बच्चों को पूरे समय पढ़ाते/पढ़ते देखने की अजीबोगरीब रुचि पैदा हो गई है। अधिकांश अभिभावक स्कूल में भी ये शिकायत करते मिल जाएंगे-क्या करें पढ़ता ही नहीं है, टीवी देखता है। अब यदि बच्चे को हर वक्त पढ़ाई में ही जुटा देखने की चाहत अभिभावक की होगी तो उन्हें क्या लगता है, बच्चे सचमुच पढ़ रहे होंगे? ना, बिल्कुल नहीं। पढ़ाई में मन लगने का भी एक निश्चित

है, पढ़िए, जैसे ही मन उचाट हो, किताब बंद कर दीजिए क्योंकि बिना मन के पढ़ाई होगी ही नहीं। मजे की बात, मां-बाप का, बच्चे को खुद से बेहतर बनाने का दवाब अधिकांशत: लड़कों पर ही होता है। इस दवाब की शिकार फिलहाल लड़कियां नहीं हैं। इसके पीछे वही सोच काम कर रही होती है कि लड़की को तो दूसरे के घर जाना है, सो उनका नाम तो लड़के को ही रोशन करना है, तब पूरा ध्यान लड़के पर ही लगाया जाए।

दसवीं का एक बच्चा, जो शाम की क्लास में आता है, उसे मैथ्स नहीं पढ़ना। सबसे कम नंबर उसके मैथ्स में ही आते हैं जबकि दूसरे

माता-पिता उसे बहुत बड़ा इंजीनियर बनाना चाहते हैं और बच्चा अभी से तनाव में है कि यदि उसे किसी भी प्रकार से मैथ्स दिला दी गई, तो वह कैसे पढ़ेगा?

## बच्चों की मानसिकता समझें

पिछले दिनों अखबारों में कई समाचार आए बच्चों द्वारा आत्महत्या किए जाने के। सामान्य तौर पर हमारी प्रतिक्रिया होती है-'अरे! पेपर अच्छा नहीं हुआ था तो उसमें मरने की क्या बात? लेकिन ये हम या आप कह रहे होते हैं न? उस बच्चे पर इस इम्तिहान को लेकर, संबंधित विषय को लेकर घर वालों का कितना दबाव रहा होगा, ये उसकी आत्महत्या से हम समझ सकते हैं। मरना बहुत आसान नहीं होता। एक बच्ची ने आत्महत्या के अपने नोट में लिखा- मेरी अंग्रेजी बहुत कमजोर है। मैं इस विषय में पास नहीं हो पाऊंगी। सोचिए उस बच्ची पर अंग्रेजी का कैसा दवाब रहा होगा? तो माता-पिता को चाहिए कि वे बच्चों की रुचियों का ध्यान रखें और उन्हें अपनी रुचि के क्षेत्र में आगे बढ़ने को न केवल प्रोत्साहित करें, बल्कि मौके भी तलाशें। आज चुनिंदा विषय नहीं रह गए हैं पढ़ने को, न ही चुनिंदा राहें। हर विषय के बच्चों के लिए काम के पर्याप्त मौके हैं। बच्चों को उनके अपने सपने पूरे करने दें, उनमें अपना सपना साकार न करें। हमारी ये सोच शायद उन्हें तनावमुक्त कर सकें।



# अपनी स्किन प्रॉब्लम के हिसाब से बेसन में मिलाकर लगाएं ये चीजें

**मौसम भले कोई भी हो स्किन से जुड़ी समस्याएं होना आम बात है। मगर अक्सर लड़कियां स्किन प्रॉब्लम्स के हिसाब से सही चीजें नहीं चुनती है। इसके कारण समस्या वहीं की वहीं रहती है। वैसे तो स्किन संबंधी समस्याओं से आराम पाने के लिए बेसन का इस्तेमाल करना बेस्ट माना गया है। ऐसे में आज हम आपको कुछ ऐसी चीजों के बारे बताते हैं कि जिसे आप बेसन में मिलाकर लगाने से फायदा मिलेगा। जानते हैं उन होममेड फेसपैक के बारे में...**

## ऑयली स्किन के लिए बेसन और टमाटर फेसपैक

ऑयली स्किन टाइप वाली लड़कियों को बेसन और टमाटर का फेसपैक लगाना चाहिए। यह चेहरे से एक्स्ट्रा ऑयल साफ करके त्वचा की रंगत निखारने में मदद करता है। इससे चेहरे पर मौजूद दाग-धब्बे, सनटैन की समस्या दूर होने में मदद मिलती है।

### ऐसे करें इस्तेमाल

इसके लिए 1 टमाटर को ब्लेंड करके पेस्ट बनाएं। फिर इसमें जरूरत अनुसार बेसन, कुछ बूंदें नींबू के रस की मिलाकर चेहरे पर लगाएं। 15 मिनट या सूखने के बाद फेसपैक को हल्के हाथों से स्क्रब करते हुए उतारे। बाद में ताजे पानी से मुंह धो लें।

## दाग-धब्बे हटाने के लिए बेसन और हल्दी फेसपैक

अगर आप चेहरे पर पड़े दाग-धब्बे, कील-मुंहासे आदि से परेशान है तो बेसन में हल्दी मिलाकर लगाएं। इससे स्किन संबंधी समस्याएं दूर होकर चेहरा साफ, निखरा, मुलायम व जवां नजर आएगा। साथ ही त्वचा की रंगत निखरेगी।

### ऐसे करें इस्तेमाल

एक कटोरी में 1 बड़ा चम्मच बेसन, चुटकीभर हल्दी और जरूरत अनुसार गुलाब जल या पानी मिलाएं। अब इसे चेहरे व गर्दन पर 10-15 मिनट तक लगाएं। बाद में इसे पानी से साफ करके मॉश्चराइजर लगा लें।

## झुर्रियां दूर करने के लिए बेसन और दही फेसपैक

झुर्रियों को कम करने के लिए दही और बेसन का फेसपैक बेस्ट माना जाता है। यह ढीली पड़ी स्किन को टाइट करने उसे ग्लोइंग बनाने में मदद करता है। इसके साथ ही यह त्वचा को नमी देकर बुढ़ापे के लक्षण करता है।

### ऐसे करें इस्तेमाल

एक कटोरी में 1 बड़ा चम्मच बेसन और जरूरत अनुसार दही मिलाएं। इसे हल्के हाथों से चेहरे व गर्दन पर लगाएं। 20-30 मिनट के बाद चेहरा धो लें।

## ग्लोइंग स्किन के लिए बेसन और शहद फेसपैक

सनटैन से खराब हुई स्किन पर निखार वापस लाने के लिए आप बेसन और शहद का फेसपैक लगा सकती है। बेसन स्क्रब की तरह काम करके डेड स्किन सेल्स को साफ करता है। वहीं शहद क्लींजिंग एजेंट की तरह काम करके ग्लो लाने में मजज करता है। इसके साथ ही त्वचा में होने वाली जलन, खुजली व रूखापन दूर होगा।



### ऐसे करें इस्तेमाल

इसके लिए एक कटोरी में 1 बड़ा चम्मच बेसन और जरूरत अनुसार शहद मिलाएं। इसे चेहरे व गर्दन पर स्क्रब करते हुए लगाएं। 15-20 मिनट तक लगा रहने दें। बाद में इसे पानी से साफ कर लें।



# मानसून में बनाएं कॉर्न चाट

मानसून में गर्मा-गर्म भुट्टा तो आपने बहुत खाएं होंगे। मगर आज हम आपके लिए खास स्वीट कॉर्न चाय रेसिपी लेकर आए है। इसे आप अपनी मनपसंद सब्जियों से बना सकती है। वहीं स्वीट कॉर्न पोषक तत्व व एंटी-ऑक्सडीटेंस गुणों से भरपूर होती है। ऐसे में इसका सेवन करने से टेस्ट के साथ सेहत भी बरकरार रहेगी। जानते हैं इसे बनाने का तरीका...

## सामग्री

फोजन कॉर्न (उबले)- 900 ग्राम, मिर्च पाउडर - 1/2 छोटा चम्मच, भुना जीरा पाउडर - 2 छोटे चम्मच
नमक- आवश्यकता अनुसार, शिमला मिर्च - 2
नींबू का रस -2 बड़े चम्मच, धनिया - 2 बड़े चम्मच
काली मिर्च - 1/2 छोटा चम्मच
काला नमक - 1 छोटा चम्मच, टमाटर - 1 कप
प्याज - 1, तेल- आवश्यकता अनुसार

## विधि

एक बाउल में सभी मसाले मिलाएं।
अलग बाउल में सब्जियां काट कर मिलाएं।
पैन में तेल गर्म करके मीडियम आंच पर कॉर्न फ्राई करें।
अब कॉर्न को सब्जियों में मिलाएं।
इसमें मसाला, नींबू का रस मिलाएं।
चाट को सर्विंग प्लेट में निकाल कर धनिया से गार्निश करके सर्व करें।

# बच्चों के लिए बनाएं क्रिस्पी चीजी रैप

चीज से आपने बर्गर, पिज्जा तो बहुत खाया होगा। वहीं बच्चों को तो चीज बेहद ही पसंद होता है। चीज प्रोटीन से भरपूर होता है। यह खाने में टेस्टी होने के साथ सेहत को दुरुस्त रखने में मदद करता है। ऐसे में हम आपके लिए खास चीजी रैप की रेसिपी लेकर आए है।

## सामग्री



उबले मैश्ड आलू- 1,1/2, प्याज- 1 (बारीक कटा)
शिमला मिर्च-1 (बारीक कटी),
चिली फ्लेक्स- 1 छोटा चम्मच,
ऑरिगेनो- 1/2 छोटा चम्मच, ब्रेड स्लाइस- 4,
चीज- 2 बड़े चम्मच (कद्दूकस किया)
नमक- स्वाद अनुसार, तेल- आवश्यकता अनुसार

## विधि

एक बाउल में आलू, प्याज, शिमला मिर्च, चिली फ्लेक्स, ऑरिगेनो, नमक और चीज डालकर मिलाएं।
ब्रेड या रोटी को हल्के से दबाकर स्टफिंग भरें।
ब्रेड पर तेल लगाकर फोल्ड करें।
पैन में तेल गर्म करके ब्रेड रैप तल लें।
इसे सर्विंग प्लेट में निकाल कर टोमैटो सॉस के साथ सर्व करें।

# हैल्थ कॉन्शियस है तो खाएं गुजराती खांडवी

बेसन खांडवी गुजरात की फेमस डिशेज में से एक है। यह खाने में टेस्टी और हल्की होती है। इसे खाने से पेट हैल्दी रहता है। मगर अक्सर लोग इसे बनाने में कंफूजर रहते हैं। आप इसे विकेंड में बनाकर खा सकते हैं। ऐसे में आज हम आपके लिए खास गुजराती खांडवी की रेसिपी लेकर आए है। जानते हैं इसे बनाने की रेसिपी...

## सामग्री

बेसन- 1 कप
अदरक-हरी मिर्च पेस्ट - 1 बड़ा चम्मच
हल्दी पाउडर - 1/2 छोटा चम्मच
छाछ- 3 कप
हींग- चुटकीभर
राई- 1/2 छोटा चम्मच
नींबू का रस - 1 बड़ा चम्मच
नमक- स्वाद अनुसार
तेल- आवश्यकता अनुसार
नारियल- 2 बड़े चम्मच (कद्दूकस किया)
धनिया- 1 बड़ा चम्मच

## विधि

एक बाउल में बेसन, नमक, हल्दी, नींबू का रस, अदरक-हरी मिर्च का पेस्ट और छाछ मिलाएं।
इसे पैन में डालकर लगातार चलाते हुए पकाएं।
मिश्रण को गाढ़ा घोल होने तक पकाएं।
अब प्लेट के पिछले हिस्से पर तेल लगाकर मिश्रण पतला सा मिश्रण फैलाएं।
मिश्रण के ठंडा होने पर इसे दो इंच चौड़ी स्ट्रिप्स में काटकर रोल करें।
अब अलग पैन में तेल गर्म करके हींग और राई भूनें।
प्लेट में खांडवी रखकर ऊपर से हींग और राई का तड़का डालें।
नारियल और धनिया से गार्निश करके सर्व करें।



# गदर-2 की रिलीज से पहले अमीषा पटेल ने प्रोडक्शन टीम पर लगाए आरोप



सनी देओल और अमीषा पटेल स्टारर गदर- एक प्रेम कथा का सीक्वल यानी गदर 2 अगले माह 11 अगस्त को रिलीज हो रही है। लेकिन इसी बीच एक प्रोडक्शन टीम को लेकर एक नया विवाद खड़ा हो गया है। दरअसल अमीषा पटेल डायरेक्टर अनिल शर्मा की प्रोडक्शन कंपनी पर बुरी तरह भड़क गईं, और सोशल मीडिया पर उन्हें काफी कुछ सुना दिया है। अमीषा पटेल का कहना है कि गदर 2 के प्रोडक्शन का काम अनिल शर्मा ही देख रहे थे, और उनकी कंपनी ने फिल्म की शूटिंग के दौरान बहुत से लोगों को परेशानी में डाल दिया। अमीशा ने ट्विटर पर एक के बाद एक कई ट्वीट्स किए हैं। इनमें उन्होंने गदर 2 से उस तस्वीर पर सफाई दी है, जिसमें सनी देओल एक डेड बॉडी के सामने रोते नजर आ रहे हैं। कहा जा रहा था कि यह सकीना की बॉडी है। लेकिन अमीषा पटेल ने साफ किया कि वह डेड बॉडी सकीना की नहीं है। इसके बाद अमीषा पटेल ने गदर 2 के डायरेक्टर अनिल शर्मा पर धावा बोल दिया, और उनकी प्रोडक्शन कंपनी के खिलाफ काफी कुछ कह गईं।

अमीषा पटेल ने ट्विटर पर लिखा, फैन्स इस तस्वीर के अलावा कुछ घटनाओं को लेकर भी चिंतित थे, जोकि गदर 2 के लास्ट शेड्यूल के दौरान घटी थीं। फाइनल शेड्यूल की शूटिंग मई में चंडीगढ़ में हुई थी। अनिल शर्मा की प्रोडक्शन कंपनी काम संभाल रही थी। कुछ मसले थे, जैसे कि मेकअप आर्टिस्ट, कॉस्ट्यूम डिजाइनर्स और बाकी लोगों को उनके पैसे नहीं मिले। लेकिन तभी जी स्टूडियोज ने दखल दिया, और तय किया कि जिनके भी बकाया पैसे हैं, वो सेटल किए जाएं। अमीषा पटेल ने आगे लिखा है ?कि ठहरने की व्यवस्था से लेकर शूट के आखिरी दिन चंडीगढ़ एयरपोर्ट तक जाने और खाने के बिल तक का भुगतान नहीं किया गया था। कुछ कास्ट और क्रू मेंबर्स को कार तक नहीं दी गई। उन्हें ऐसे ही छोड़ दिया गया। लेकिन जी स्टूडियोज ने फिर दखल दिया और इन सारी समस्याओं को सुलझाया, जो अनिल शर्मा प्रोडक्शंस की वजह से हुई थीं।



# द नाइट मैनेजर 2 एक दिन पहले रिलीज

क्राइम थ्रिलर सीरीज द नाइट मैनेजर के दूसरे पार्ट को तय तारीख से पहले ही रिलीज कर दिया गया। सीरीज में अनिल कपूर, आदित्य रॉय कपूर, शोभिता धूलिपाला और तिलोत्तमा शोम अहम भूमिकाओं में हैं। हथियार डीलर की भूमिका निभाने वाले अनिल कपूर ने शो के निर्माता संदीप मोदी की सराहना करते हुए कहा कि वह उन पर इतना भरोसा करते हैं कि उन्हें कभी भी उनके शॉट्स को चेक करने की जरुरत महसूस नहीं होती। सीज़न की रिलीज़ से पहले, कपूर ने शो के हालिया प्रेस कॉन में बात की और कहा- जब संदीप ने एक शॉट ओके किया, तो मुझे कभी भी जाकर उसे चेक करने की ज़रूरत महसूस नहीं हुई। मुझे उनकी क्रिएटिव इंस्टिंक्ट पर भरोसा है। मैंने 99 प्रतिशत शॉट्स नहीं देखे हैं। संदीप मोदी ने सफल वेब सीरीज आर्या और मराठी फिल्म चुंबक का भी निर्देशन किया है। द नाइट मैनेजर इसी नाम की ब्रिटिश सीरीज पर आधारित है, जो जॉन ले कैर के इसी नाम के नोवेल से ली गई है।



# रिलीज से पहले ही जवान ने बनाया कमाई का रिकॉर्ड

बालीवुड की अपकमिंग फिल्म जवान रिलीज से पहले ही कमाई का रिकॉर्ड बना रही है। इस फिल्म के म्यूजिक करोड़ों में बिके है। रिपोर्ट्स की मानें तो जवान के म्यूजिक लेबल टी-सीरीज ने 36 करोड़ रुपये में खरीदे हैं। ऐसे में लग रहा है कि फिल्म पठान शाहरुख खान एक बार फिर से बॉक्स ऑफिस पर कहर बरपाएंगे।

जानकारी के मुताबिक 'जवान' के संगीत राइट्स को म्यूजिक लेबल टी-सीरीज़ ने 36 करोड़ में खरीदा है। एक रिपोर्ट की मानें तो इस फिल्म के म्यूजिक राइट्स को खरीदने के लिए कई कंपनियों के बीच भारी कॉम्पटीशन था, लेकिन आखिरकार भूषण कुमार की टी-सीरीज ने बाजी मार ली है। रिपोर्ट में बताया गया है कि ये एक रिकॉर्ड सेट करने वाली डील है जो इससे पहले कभी नहीं देखने को मिला है। अब इन दावों पर अगर यकीन करें फिल्म ने अपनी बजट की आधी कमाई अपने रिलीज से पहले कमा डाली है।

बता दें कि आने वाली शाहरुख खान की ये फिल्म कई मायनों में बेहद खास है। पहली बात ये हैं कि इस फिल्म में शाहरुख खान साउथ स्टार नयनतारा संग रोमांस करने वाले हैं। इसके साथ ही वह विजय सेतुपति संग पर्दे पर सीधे भिड़ने वाले हैं। वहीं इस फिल्म के डायरेक्टर एटली कुमार पहली बार शाहरुख खान के साथ कोई बड़े प्रोजेक्ट पर काम कर रहे हैं। फिल्म अपने घोषणा के साथ ही खबरों में है।जैसा कि सबको पता है कि 'जवान' एक एक्शन थ्रिलर फिल्म है। इस फिल्म में शाहरुख जबरदस्त एक्शन दिखाते नजर आएंगे। इस पहले शाहरुख खान की थ्रिलर सस्पेंस फिल्म 'पठान' भी लोगों को काफी पसंद आई थी। इसका निर्देशन सिद्धार्थ आनंद ने किया था।

इस फिल्म में वर्ल्डवाइड स्तर पर 1053 करोड़ रुपये का कलेक्शन किया था। 'पठान' के जरिए शाहरुख खान ने पूरे 4 साल बाद बॉलीवुड में वापसी कर दर्शकों पर छा गये थे। फिल्म 'जवान' के बाद शाहरुख खान के बाद फिल्म 'डंकी' में नजर आएंगे। इस फिल्म में वह एक्ट्रेस तापसी पन्नू संग रोमांस करने वाले हैं। बता दें कि बालीवुड के सुपर स्टार शाहरुख खान, नयनतारा और विजय सेतुपति अपकमिंग फिल्म जवान के फैंस को बेसब्री से इंतजार है। यह फिल्म 7 सितंबर को दर्शकों के सामने आने वाली हैं।



# अनन्या का अभी शादी को लेकर कोई प्लान नहीं

बालीवुड एक्ट्रेस अनन्या पांडे ने अपनी शादी को लेकर एक बड़ा बयान दिया है। अनन्या ने अपनी शादी की प्लानिंग शेयर की है और इतना ही नहीं एक्ट्रेस ने अपनी डाइट प्लानिंग भी शेयर की है। एक इंटरव्यू में अनन्या पांडे ने अपनी शादी के प्लान के बारे में बात की। उन्होंने कहा कि वह शादी करने के लिए अभी बहुत छोटी हैं। साथ ही अनन्या ने बताया कि उनका अभी शादी को लेकर कोई प्लान नहीं है। अपनी फिटनेस के बारे में बताते हुए एक्ट्रेस ने कहा कि उन्हे वर्कआउट करना बिल्कुल पसंद नहीं है इसलिए वह वजन कम करने के लिए कम खाती हैं। हालांकि अपने फैंस और फॉलोअर्स की चिंता होने पर अनन्या ने कहा कि कम खाना हेल्थ के लिए अच्छा नहीं होता है। इंसान को दिल खोलकर खाना चाहिए और वो वर्कआउट करना चाहिए जो उन्हें बेहद पसंद हो। बता दें कि इन दिनों अनन्या पांडे अपनी लव लाइफ को लेकर सुर्खियों में हैं। खबरों कि माने तो कहा जा रहा है कि अनन्या और आदित्य रॉय कपूर एक दूसरे को डेट कर रहें हैं। दोनों को कई बार एक साथ देखा गया है जिसके बाद से दोनों के रिलेशनशिप की खबरें आने लगी थीं। हालांकि अभी तक दोनों में से किसी ने भी डेटिंग की खबरों पर चुप्पी नहीं तोड़ी है। अब इसी के चलते अनन्या ने कुछ ऐसा बोल दिया है जिसे सुनकर कपल के फैंस बेहद खुश हैं।



# नेहा ने आयुध को बताया सबसे बड़ा मसखरा

छोटे परदे की अभिनेत्री नेहा जोशी ने बाल कलाकार आयुध भानुशाली को सेट पर सबसे बड़ा मसखरा बताया है। नेहा ने टीवी सेट पर होने वाले कुछ वाकया शेयर करते हुए बताया कि बाल कलाकार आयुध भानुशाली अपनी शरारतों और मजाकिया चुटकुलों से उनका मनोरंजन करने का कोई मौका नहीं चूकते। अभिनेत्री ने कहा कि जहां मैं शूटिंग के दौरान शांत रहना पसंद करती हूं, वहीं वह हमेशा हाई गियर में रहते हैं और ब्रेक के बीच बिना रुके बात करते रहते हैं। उन्होंने कहा, मनोरंजक वॉयसओवर में आयुध मुझे खुश करने में कभी असफल नहीं होता। भावनात्मक दृश्यों के दौरान भी वह चुटकुलों से मूड को हल्का कर देते हैं। उन्होंने आगे बताया कि आपके जीवन में किसी ऐसे व्यक्ति का होना जरुरी है, जो आपको किसी भी स्थिति में हंसा सके और आयुध मेरे लिए वही है। बता दें कि नेहा जोशी टेलीविजन शो दूसरी मां में यशोदा का किरदार निभा रही है।

# हर हिट फिल्म के लिए कार्तिक को मिलती है कार



बालीवुड एक्ट्रेस कियारा आडवाणी ने खुलासा किया कि फिल्म सत्य प्रेम की कथा के निर्माता कार्तिक आर्यन को बॉक्स ऑफिस पर हर हिट के लिए एक नई कार उपहार में देते हैं और उनका रिएक्शन आपको हंसा-हंसा कर लोटपोट कर देगी।

एक इंटरव्यू में, कियारा आडवाणी ने कार्तिक की टी-शर्ट की ओर इशारा किया, जिस पर एक कार छपी थी और कहा, फ्यह एक संकेत है। क्योंकि आप सही जानते हैं, जब भी कार्तिक की फिल्म ब्लॉकबस्टर होती है, तो उनके निर्माता उन्हें एक कार उपहार में देते हैं। इस पर कार्तिक आर्यन ने मजेदार जवाब देते हुए कहा, इसलिए मेरा नाम कार-टिक है।कार्तिक आर्यन ने आगे खुलासा किया कि भूषण कुमार ने उन्हें भूल भुलैया 2 की ब्लॉकबस्टर सफलता के बाद एक कार गिफ्ट में दी थी और अपनी टी-शर्ट पर कार प्रिंट की ओर इशारा करते हुए कहा, मुझे उम्मीद है कि सत्य प्रेम की कथा की सफलता के बाद मुझे यह कार मिलेगी।

आपको बता दें कि भूल भुलैया 2 के ब्लॉकबस्टर बनने के बाद, कार्तिक आर्यन ने अपने इंस्टाग्राम पर भूषण कुमार से उपहार में दी गई अपनी नई कार की तस्वीरें प्रशंसा के प्रतीक के रूप में साझा कीं। भूषण ने उन्हें मैकलेरन जीटी तोहफे में दी, जिसकी कीमत 4.7 करोड़ रुपये है।

तस्वीर शेयर करते हुए एक्टर ने लिखा, चाइनीज खाने के लिए नई टेबल गिफ्ट मिल गई मेहनत का फल मीठा होता है सुना था..इतना बड़ा होगा नहीं पता था भारत का पहला मैकलेरन जीटी अगला गिफ्ट प्राइवेट जेट सर, आभार समीर विदवान्स की निर्देशित, सत्यप्रेम की कथा में कार्तिक आर्यन और कियारा आडवाणी के साथ-साथ सुप्रिया पाठक, गजराज राव और रितु शिवपुरी भी शामिल हैं। फिल्म 29 जून को सिनेमाघरों में रिलीज हुई और दर्शकों से अच्छा रिस्पॉन्स मिल रहा है। बता दें कि कार्तिक आर्यन और कियारा आडवाणी की ब्लॉकबस्टर जोड़ी अपनी फिल्म सत्य प्रेम की कथा के साथ दर्शकों का मनोरंजन करने और उनका दिल जीतने में कामयाब रही है। फिल्म को सिनेमाघरों और सोशल मीडिया पर पॉजिटिव एक्शन मिल रहे हैं। लोग कियारा और कार्तिक की केमिस्ट्री तारीफ कर रहे हैं।

# डोजा कैट ने शेयर किया अपने टैटू की तस्वीरें

हाल ही में रैपर डोजा कैट ने अपने पीठ और हाथ पर बनाए टैटू की तस्वीरें पोस्ट कीं। रैपर ने टैटू वाली तस्वीर को अपने इंस्टाग्राम पर शेयर किया है। रैपर डोजा कैट ने अपने इंस्टाग्राम पर दो टॉपलेस तस्वीरें शेयर कीं, जिसमें उनकी पीठ के निचले हिस्से पर बना मकड़ी का टैटू दिख रहा है। रिपोर्ट में कहा गया कि डोजा कैट का टैटू ऐसा लग रहा है जैसे कोई कीट जाल बुन रहा हो। पोस्ट की गई फोटो में डोजा कैट ने अपने दाहिने हाथ की एक तस्वीर भी शेयर की है, जिसमें आईबॉल जैसा कुछ देखा जा सकता है।उन्होंने कहा कि परिवर्तन के साथ नई शुरुआत होगी। डोजा कैट जिस नई शुरुआत की उम्मीद कर रही हैं वह उनके नए दौरे की शुरुआत हो सकती है। पिछले हफ्ते उन्होंने द स्कार्लेट टूर की घोषणा की, जो 2019 के बाद उनका पहला प्रमुख दौरा होगा। स्कार्लेट टूर हैलोवीन पर सैन फ्रांसिस्को में शुरू होता है। आइस स्पाइस और डोएची अटेंशन परफॉर्मर में शामिल होने के लिए तैयार हैं।




## कंप्रेसर फटने से दो की मौत दो घायल

**नई दिल्ली।** गोकलपुर इलाके में उस समय हड़कंप मच गया जब एक फैक्ट्री में एक प्लास्टिक की छोटी बोतल बनाने वाली फैक्ट्री में कंप्रेसर को ठीक करते समय धमाके के साथ वह फट गया। जिसमें कंप्रेसर ठीक करने वाला मिस्त्री बबलू (39) और माल लेकर जाने वाले ऑटो चालक रामकरण (60) की मौत हो गई। जबकि दो साहिल और दीपक घायल हो गए। उत्तर-पूर्वी जिला डीसीपी डॉ. जॉय टिर्की ने बताया कि गोकुलपुरी थाने में लापरवाही से मौत समेत कई धाराओं में केस दर्ज कर पुलिस ने जांच शुरू कर दी है। पुलिस चेक कर रही है कि फैक्ट्री मालिक ने सभी तरह की परमिशन ले रखी थी या फिर अवैध रूप से चल रही थी। इसलिए प्रॉपर्टी और फैक्ट्री मालिक की धर-पकड़ के लिए कई टीमें बनाई गई हैं, जिनके मिलने पर ही खुलासा हो सकेगा।




दमकल विभाग निदेशक अतुल गर्ग ने बताया कि दोपहर लगभग 3.15 बजे गोकलपुर गांव में सिलेंडर विस्फोट के बारे में एक फायर कॉल प्राप्त मिली थी। तुरंत 2 फायर टेंडरों को घटनास्थल पर भेजा गया। एसटीओ मनोज त्यागी गोकुलपुर गांव में आग लगने की सूचना से लौटे और बताया कि लगभग 150 वर्ग गज की प्लास्टिक बोतल बनाने वाली फैक्ट्री में कंप्रेसर विस्फोट हो गया है। परिणामस्वरूप एक व्यक्ति की मौके पर ही मौत हो गई और तीन लोग घायल हो गए और उन्हें जीटीबी अस्पताल ले जाया गया, जहां एक को मृत घोषित कर दिया और दो को अस्पताल में भर्ती कराया गया है। घायल रामकरण को भी बाद में मृत घोषित कर दिया। घायलों में साहिल और दीपक का इलाज चल रहा है। घर के भीतर प्लास्टिक मॉल्डिंग फैक्ट्री चल रही थी। जो प्लास्टिक मोल्डिंग मशीन के लिए इस्तेमाल होता था। आसपास के लोगों ने बताया कि फैक्ट्री मालिक ने कुछ दिन पहले ही इसे किराए पर लिया था।

## शिक्षकों ने लगाया तबादलों में भ्रष्टाचार का आरोप, एलजी से की शिकायत, विजिलेंस जांच की मांग

**नई दिल्ली।** शिक्षकों के प्रतिवर्ष तबादला नीति के तहत ऑन लाइन वार्षिक तबादले किए जाते हैं लेकिन इस बार शिक्षकों के संगठन ने उपराज्यपाल से तबादलों में भ्रष्टाचार की शिकायत की है। राजकीय




विद्यालय शिक्षक संघ के महासचिव अजय वीर यादव ने शिकायत में कहा है कि शिक्षकों ने शिकायतें की है कि वरिष्ठता को प्राथमिकता, दिव्यांगों, मेडिकल ग्राउंड वाले जनरल लोगों को उम्र की वरीयता सहित सभी नियम व ट्रांसफर पॉलिसी को दरकिनार कर भारी संख्या में गलत तरीके से शिक्षकों के तबादले किए जा रहे हैं। उन्होने बताया की अधिकांश स्कूल प्रथम पाली के हैं इसलिए सुबह जल्दी पहुंचाना होता है यदि स्कूल घर के पास होता है तो सुविधाजनक होता है यही ट्रांसफर पॉलिसी में भी है, शिक्षकों की मांग किसी मलाईदार सीट की तो होती नहीं है। शिक्षक संघ ने उपराज्यपाल को पत्र लिख कर शिक्षा निदेशालय में व्याप्त भ्रष्टाचार की शिकायत करते हुए कहा कि शिक्षकों को नाहक परेशान किया जा रहा है। इसलिए पूरे मामले की विजिलेंस व एंटी करप्शन से जांच करवाई जाए।

## गाजियाबाद में डाला जा रहा था दिल्ली का कूड़ा, महापौर ने सीएम केजरीवाल को घेरा, बोली- अपने पास ही रखें अपना 'सोना'

**गाजियाबाद।** दिल्ली का कूड़ा गाजियाबाद में डंप किए जाने का मामला गर्माता जा रहा है। गाजियाबाद की महापौर सुनीता दयाल ने इस मामले पर दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल को घेरा। उन्होंने एक बयान में कहा कि दिल्ली का कूड़ा गाजियाबाद में डाला जाना कतई बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। केजरीवाल अपने इस 'सोने' को अपने प्रदेश में ही रखें तो ज्यादा बेहतर होगा। इससे पहले वह यह भी ऐलान कर चुकी हैं कि दिल्ली से जो कूड़ा गाजियाबाद में डाला गया है वह वापस कराया जाएगा। महापौर ने पत्रकारों को बताया कि एफआईआर दर्ज होने के बाद एमसीडी और जीरोन इंजीनियरिंग प्रा.लि. ने बयान दिया है कि यह कूड़ा नहीं आरडीएफ है, जो सरासर झूठ है। उन्होंने कहा कि जीरोन इंजीनियरिंग प्रा.लि. के दस्तावेज बताते हैं कि वह अपना आरडीएफ डासना स्थित डब्ल्यूएटीई प्लांट पर भेजते हैं तो दिल्ली का आरडीएफ मोरटा प्लांट और गाजियाबाद के अन्य साइट पर भेजने का कोई कारण नहीं है।

# दिल्ली में वंदे भारत ट्रेनों के लिए नए मेंटेनेंस शेड के निर्माण का रास्ता साफ

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सेमी हाई स्पीड ट्रेन 'वंदे भारत एक्सप्रेस' के लिए नए मेंटेनेंस शेड के निर्माण का रास्ता साफ कर दिया है। मुख्यमंत्री ने इसके निर्माण में बाधक बन रहे पेड़ों को हटाने और ट्रांसप्लांट करने को लेकर आए प्रस्ताव को मंजूरी दे दी है। प्रोजेक्ट स्थल से 78 पेड़ों को हटाने और ट्रांसप्लांट करने की अनुमति देने को लेकर रेलवे ने दिल्ली सरकार को एक प्रस्ताव दिया था

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने सोमवार को रेलवे के इस प्रस्ताव को मंजूरी दी है। मुख्यमंत्री ने पर्यावरण की सुरक्षा के मद्देनजर बनी गाइडलाइन के अनुसार निर्माण एजेंसी को 78 पेड़ों को हटाने व ट्रांसप्लांट करने के बदले 780 नए पौधों लगाने की शर्त के साथ इस प्रस्ताव को मंजूरी दी है।

दरअसल, रेलवे ने दिल्ली के शकूरबस्ती में एक नए मेंटेनेंस ट्रेन शेड के निर्माण का प्रस्ताव दिया है। हालांकि, पेड़ों के एक पैच की वजह से साइट के निर्माण कार्य में बाधा पैदा हो रही है। इसके चलते रेलवे ने अधिकारियों के माध्यम से दिल्ली सरकार के पर्यावरण और वन विभाग को एक प्रस्ताव बनाकर दिया था।

इसके जरिए साइट को खाली करने के लिए 8 पेड़ों को हटाने और 70 पेड़ों के ट्रांसप्लांट करने की मंजूरी मांगी गई थी। रेलवे के लिए आधुनिक बुनियादी ढांचे के महत्व को देखते हुए मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने पेड़ों के पैच को साफ करके काम में तेजी लाने के लिए अपनी सहमति दी है।

मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने कहा कि रेलवे को आधुनिक बुनियादी ढांचे की सख्त जरूरत है। इस मंजूरी से देश को बेहतर सुविधाएं मिल सकेंगी। इसके अलावा हम सक्रिय रूप से यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि आधुनिक विकास का दिल्ली पर प्रतिकूल प्रभाव न पड़े और प्रभावित होने वाले किसी भी पेड़ की भरपाई के लिए 10 गुना पौधारोपण अनिवार्य किया गया है। प्रस्ताव को मंजूरी देते हुए सीएम ने कहा कि इस प्रस्ताव को



एलजी के समक्ष रखा जाएगा। दिल्ली सरकार ने कहा है कि चिन्हित परियोजना स्थल के पास ही प्रत्यारोपण किया जाएगा। दिल्ली सरकार की ओर से साइट पर अप्रूव किए गए और चिन्हित पेड़ों के अलावा रेलवे एक भी अन्य पेड़ को नुकसान नहीं पहुंचा सकती। अगर रेलवे द्वारा अप्रूव किए गए पेड़ों के अलावा किसी भी पेड़ को नुकसान पहुंचाया जाता है, तो यह दिल्ली वृक्ष संरक्षण अधिनियम 1994 के तहत अपराध माना जाएगा। दिल्ली सरकार ने रेलवे के लिए पेड़ों को हटाने और प्रत्यारोपित करने के बदले में 10 गुना पेड़ लगाना अनिवार्य किया है। ऐसे में वो पेड़ों को हटाने के बदले 780 नए पौधे लगाएंगे। इन पौधों को चिन्हित स्थान पर लगाया जाएगा, जिन्हें पेड़ों को स्थानांतरित करने की अनुमति जारी होने की तारीख से 3 महीने के अंदर लगाया जाएगा।

दिल्ली सरकार के दिशा-निर्देशों के अनुसार रेलवे अगले सात वर्षों तक पेड़ों के रखरखाव की जिम्मेदारी लेगा। सरकार द्वारा अप्रूव किए गए प्रस्ताव के अनुसार पेड़ों को हटाने और प्रत्यारोपण के बदले में दिल्ली की मिट्टी व जलवायु के अनुकूल विभिन्न प्रजातियों के पौधे लगाए जाएंगे। इनमें नीम, अमलतास, पीपल, पिलखन, गूलर, बरगद, देसी कीकर और अर्जुन समेत अन्य प्रजातियों के पौधे शामिल हैं। नॉन फॉरेस्ट लैंड पर 6-8 फीट हाइट के पौधे लगाए जायेंगे। इसके अलावा जिन पेड़ों को प्रत्यारोपित किया जाना है, उनके लिए रेलवे को आवश्यक शर्तें पूरी करने के तुरंत बाद प्रक्रिया शुरू करनी होगी। यह कार्य 6 महीने के अंदर पूरा करने के लिए कहा गया है। वे सुपरविजन के लिए ट्री ऑफिसर को एक रिपोर्ट सौंपेंगे। दिल्ली सरकार ने रेलवे से परियोजना के लिए दिल्ली वृक्ष प्रत्यारोपण नीति 2020 का ईमानदारी से पालन करने और उस पर नियमित प्रगति रिपोर्ट प्रस्तुत करने को कहा है।

रेलवे को यह भी सुनिश्चित करना होगा कि जो प्रत्यारोपित पौधे सर्वाइव न कर पाएं, उनके लिए 15 फीट ऊंचाई और कम से कम 6 इंच व्यास वाली स्वदेशी पौधों की प्रजातियां 1:5 के अनुपात में लगानी होगी।

अगर किसी पेड़ पर पक्षियों का घोंसला पाया जाता है तो उसे तब तक काटने या रोपने की अनुमति नहीं दी जाएगी, जब तक कि पक्षी उस पेड़ को छोड़ न दें। इसके अलावा पेड़ों की टहनियों की कटाई के 90 दिनों के अंदर उनको मुफ्त में निकटतम श्मशान में भेजा जाएगा।

## शराब घोटाला: हाई कोर्ट ने सिसोदिया की जमानत याचिका खारिज की

**नई दिल्ली।** दिल्ली उच्च न्यायालय ने आबकारी नीति घोटाले से संबंधित धनशोधन मामले में पूर्व उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया की जमानत याचिका खारिज की। अदालत की वेबसाइट पर आज सुबह साझा की गई वाद सूची के अनुसार, न्यायमूर्ति दिनेश कुमार शर्मा दोपहर ढाई बजे सिसोदिया की जमानत पर फैसला सुनाएंगे। अदालत सिसोदिया के अलावा उद्योगपति अभिषेक बोइनपल्ली, बेनॉय बाबू और विजय नायर की याचिकाओं पर भी फैसला सुनाएगी।

प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) द्वारा दर्ज धन शोधन के मामले में ये सभी सह-आरोपी हैं। दिल्ली सरकार ने 17 नवंबर 2021 को नीति लागू की थी, लेकिन भ्रष्टाचार के आरोपों के बीच सितंबर 2022 के अंत में इसे वापस ले लिया गया। सिसोदिया को घोटाले में कथित भूमिका के लिए सबसे पहले 26 फरवरी को सीबीआई (केन्द्रीय अन्वेषण ब्यूरो) ने



गिरफ्तार किया था और वह तब से हिरासत में हैं। उच्च न्यायालय सीबीआई वाले मामले में 30 मई को उन्हें जमानत देने से इनकार कर चुका है। उन्हें ईडी ने नौ मार्च को गिरफ्तार किया था और अभी वह न्यायिक हिरासत में हैं। उच्च न्यायालय ने दो जून को सिसोदिया की जमानत याचिका पर फैसला सुरक्षित रखा था। सिसोदिया ने 'मल्टीपल स्केलेरोसिस' से पीड़ित अपनी पत्नी के बिगड़ते स्वास्थ्य सहित विभिन्न आधारों पर जमानत मांगी है। ईडी ने सिसोदिया सहित अन्य आरोपियों की जमानत याचिका का विरोध किया है।

## तिमारपुर के मुखर्जी नगर इलाके में आयोजित किया नेत्र जांच शिविर

**नई दिल्ली।** मुखर्जीनगर में जनता के स्वास्थ्य का ख्याल रखते हुए तिमारपुर विधायक कार्यालय में आम जनता के लिए निःशुल्क नेत्र जांच शिविर का आयोजन किया गया।

शिविर में 60 साल से अधिक आयु के जरूरतमंदों को मुफ्त में चश्मे दिए गए और मोतियाबिंद की समस्या से ग्रसित पाए गए मरीजों को उनके इलाज की तारीख बताई गई।

इस मौके पर तिमारपुर विधायक दिलीप पाण्डेय शिविर में पहुंचे और मरीजों से मुलाकात कर उनका हाल पूछा और कहा कि हमारी हमेशा यही कोशिश रहती है कि हर जरूरतमंद व्यक्ति की मूलभूत आवश्यकताओं को पूरा किया जा सके। शिविर में राधिका प्रहलाद फाउंडेशन ने लोगों की आंखों की जांच की और नेत्र विशेषजों ने मरीजों को उचित इलाज के लिए परामर्श दिया।

शिविर में कहा, मोतियाबिंद के ऑपरेशन के लिए अस्पतालों में



लगभग 10 से 15 लाख रुपए का खर्च आता है, लेकिन राधिका प्रह्लाद फाउंडेशन मोतियाबिंद का इलाज मात्र एक हजार रुपए में किया जाएगा। दिलीप पाण्डेय ने कहा कि जो लोग आर्थिक रूप से कमजोर हैं और इलाज का खर्च वहन नहीं कर सकते हैं उनकी भी मदद की जाएगी।

## दिल्ली के संजय गांधी अस्पताल में बाथरूम की छत का प्लास्टर गिरने से महिला घायल, मरीजों में दहशत का माहौल

नई दिल्ली मंगोलपुरी के संजय गांधी अस्पताल में बीती रात बाथरूम की छत का प्लास्टर गिरने से एक महिला घायल हो गई। महिला के सिर में चोट आई है, लेकिन अब उसकी हालत स्थिर है। बताया जा रहा है कि अस्पताल के दूसरे फ्लोर पर हुई इस घटना की मुख्य वजह देखरेख की कमी है अस्पताल की दीवारों की लंबे वक्त से मरम्मत या रंगाई-पुताई नहीं की गई जिसकी वजह से इसमें सीलन आ गई और इस वजह से दीवारों में जगह-जगह प्लास्टर झड़ रहे हैं।ऐसे में जब रविवार की रात जब महिला बाथरूम में गई तब उसके ऊपर प्लास्टर का बड़ा हिस्सा गिर गया। शारदा नाम की इस महिला उसके नाती के इलाज के लिए


घायल महिला

अस्पताल आई थी और वह उसके साथ वहां थी। रात में खाना खाने के बाद बाथरूम में वह बर्तन धोने गई थी तभी उसके ऊपर वह प्लास्टर का भारी और बड़ा टुकड़ा गिर गया जिससे उसके सिर में चोट लगी। फिर एक व्यक्ति ने उसे वहां से उठाया और महिला को प्राथमिक उपचार के लिए ले जाया गया।

महिला के अनुसार यह गनीमत रहा कि उसका नाती उसके साथ नहीं गया अन्यथा उसे भी चोट लग सकती थी। इस घटना के बाद अस्पताल में मौजूद अन्य मरीजों में भी दहशत का माहौल है। हालांकि महिला की हालत अब ठीक बताई जा रही है, लेकिन अस्पताल के विभिन्न विभागों के पुराने भवन में ऐसी ही स्थिति बनी हुई है, जिससे दूसरे हादसे होने की आशंका बनी हुई है। छतों की सीलिंग से प्लास्टर निकल रहे हैं और पपड़ियां निकल रही हैं। इसलिए अस्पताल के इस पुराने भवन को लेकर लोगों के मन में आशंकाएं उठने लगी हैं। यहां हर दिन हजारों की संख्या में मरीज इलाज के लिए आते हैं जिनके साथ ऐसी घटनाएं हो सकती हैं। यहां मंगोलपुरी, सुल्तानपुरी, रोहिणी सहित ग्रामीण इलाकों से भी लोग इलाज के लिए आते हैं।

## दिल्ली के नांगलोई में तेज रफ्तार का कहर, ट्रक ने एक बच्चे को कुचला; हुई मौत

**नई दिल्ली।** दिल्ली के नांगलोई इलाके में तेज रफ्तार का कहर देखने को मिला है। एक तेज रफ्तार वाहन ने स्कूल जा रहे बच्चे को कुचला दिया, जिससे उसकी मौत हो गई। आरोपित ट्रक ड्राइवर को पुलिस ने पकड़ लिया और संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर लिया। पुलिस के अनुसार, दोपहर 12 बजकर 27 मिनट पर नागलोई पुलिस स्टेशन को एक्सीडेंट के बारे में सूचना मिली। सूचना मिलते ही नागलोई पुलिस के स्टेशन के एसएचओर और एसआई स्टाफ के साथ मौके पर पहुंचे। घटना स्थल पर लोग इकट्ठा था। मौके पर पुलिस ने पाया




कि तेज रफ्तार ट्रक ने लगभग 12-13 साल के एक लड़के को टक्कर मार दिया, जिससे उसकी मौके पर ही मौत हो गई। लड़के का शव एसजीएम अस्पताल भेज दिया गया और निरीक्षण के लिए क्राइम टीम को सूचना दी गई। पुलिस ने आरोपित ट्रक ड्राइवर को पकड़ लिया है और संबंधित धाराओं में केस दर्ज कर लिया गया है। मामले में पुलिस आगे की जांच कर रही है।

## मोदी सरकार ने 'लूट' के मामले में अंग्रेजों को भी पीछे छोड़ा :केजरीवाल

**नई दिल्ली।** दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी (आप) के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने आरोप लगाया कि नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व वाली केंद्र सरकार ने पिछले नौ वर्ष में 'लूट' के मामले में 250 साल हुकूमत करने वाले अंग्रेजों को भी पीछे छोड़ दिया। छत्तीसगढ़ के बिलासपुर में एक जनसभा को संबोधित करते हुए केजरीवाल ने कांग्रेस पर भी निशाना साधा और पार्टी पर 75 साल तक देश को 'लूटने' का आरोप लगाया। राज्य में इस साल के अंत में विधानसभा चुनाव होने है। केजरीवाल ने जनता से 'आप' के पक्ष में मतदान करने की अपील की, ताकि छत्तीसगढ़ को भ्रष्टाचार से मुक्त किया जा सके।उन्होंने कहा, ''मोदी जी यह कहते हुए मुझ पर भड़क गए कि मैं दिल्ली में 'मुफ्त की रेवड़ियां' बांट रहा हूं। हां, मोदी जी मैं बांट रहा हूं। लेकिन आपके लोग 'रेवड़ियां' लूट रहे हैं और उन्हें अपने घर ले जा रहे हैं। अगर मैं गरीबों के हाथों में 'रेवड़ियां' दे रहा हूं, तो आपको चिंता क्यों हो रही है?' 'आप' संयोजक ने आरोप लगाया कि आवश्यक वस्तुओं की कीमतें आसमान छू रही हैं। उन्होंने कहा, ''सब्जियां, दूध, आटा सभी चीजें महंगी होती जा रही हैं। क्या आप लोगों ने सोचा कि दाम क्यों बढ़ रहे हैं? मोदी जी ने इतना कर लगाया है, जो आजादी के बाद अभूतपूर्व है। मोदी जी ने यहां तक कि चाय, कॉफी, दूध, तेल आदि को भी नहीं बख्शा।' केजरीवाल ने दावा किया कि अंग्रेजों ने भी (भारत पर शासन के दौरान) दूध और आवश्यक वस्तुओं पर कर नहीं लगाया था। उन्होंने कहा कि हमने



आजादी के 75 साल में पहले कभी खाद्य सामग्री पर कर लगते नहीं देखा था। 'आप% नेता ने आरोप लगाया, ''वह (प्रधानमंत्री मोदी) इतना सारा कर इकट्ठा कर किसे दे रहे हैं? उनके 'मित्र% हैं...मोदी जी ने अपने मित्रों के 11 लाख करोड़ रुपये के कर्ज माफ कर दिए। मोदी जी आप (जनता से) दूध और छांछ पर कर वसूलकर पूरी राशि खुलेआम अपने मित्रों को दे रहे हैं।'

केजरीवाल ने कहा, ''मोदी सरकार ने नौ साल में जितना लूटा है, उतना तो अंग्रेजों ने 250 साल के शासन में भी नहीं लूटा। यहां तक कि कांग्रेस ने भी 75 साल में इतनी लूट नहीं मचाई।' उन्होंने सवाल किया कि क्या प्रधानमंत्री ने मुफ्त में ''11 लाख करोड़ रुपये का कर्ज' माफ किया। 'आप' नेता ने कहा, ''मोदी जी ने बेईमानी की है और 'आप'नेता मनीष सिसोदिया को जेल भेजा गया है।'उल्लेखनीय है कि दिल्ली आबकारी नीति के निर्माण एवं कार्यान्वयन में कथित अनियमितताओं से जुड़े धन शोधन मामले में दिल्ली के तत्कालीन उपमुख्यमंत्री मनीष सिसोदिया को इस साल मार्च में गिरफ्तार किया गया था। केजरीवाल ने कहा, ''मोदी जी ने पिछले दस साल में देश को बर्बाद कर दिया। क्या नोटबंदी से देश को फायदा हुआ? वे दावा करते थे कि नोटबंदी से भ्रष्टाचार और आतंकवाद खत्म होगा, लेकिन क्या ऐसा हुआ? अगर शिक्षित व्यक्ति होता, तो वह कभी नोटबंदी लागू नहीं करता। उन्होंने दिल्ली और 'पंजाब की आप सरकार की उपलब्धियों को भी रेखांकित किया।

केजरीवाल ने कहा, ''ईश्वर ने छत्तीसगढ़ को अच्छे नेता और अच्छी राजनीतिक पार्टियों के अलावा सब कुछ दिया है। अगर भाजपा और कांग्रेस की सरकारों ने पिछले 23 साल में छत्तीसगढ़ में अच्छा काम किया होता, तो राज्य का हर परिवार अमीर हो जाता। प्रधानमंत्री मोदी की शैक्षणिक योग्यता पर कटाक्ष करते हुए केजरीवाल ने गरीब परिवार के चौथी कक्षा उत्तीर्ण बच्चे की कहानी सुनाई, जो महान देश का राजा बन जाता है और फिर उसे बर्बाद कर देता है। इस जनसभा में पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान भी मौजूद थे।

## महाराष्ट्र घटनाक्रम : केजरीवाल ने पूछा - शर्म नहीं आयी प्रधान मंत्री जी?

**नई दिल्ली।** महाराष्ट्र के नाटकीय घटनाक्रम को लेकर सियासत तेज हो गई है। दिल्ली के मुख्यमंत्री और आम आदमी पार्टी के राष्ट्रीय संयोजक अरविंद केजरीवाल ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी पर कटाक्ष करते हुए सवाल दागा है।

अपने ट्वीट में उन्होंने लिखा है, 'कल तक जिनको भ्रष्टाचारी बोलते थे, उन पर CBI/ED की रेड करते थे, आज उन्हें अपनी सरकार में शामिल कर लिया? शर्म नहीं आयी प्रधान मंत्री जी? तो जब प्रधान मंत्री जी कहते हैं - एक भी भ्रष्टाचारी को नहीं छोड़ूँगा, उनका मतलब होता है - सबको अपनी पार्टी में शामिल कर लूँगा।' वहीं, आप के राज्यसभा सांसद संजय सिंह ने भी प्रधानमंत्री मोदी को निशाने पर लिया है। प्रेस वार्ता में उन्होंने आरोप लगाया, 'भाजपा देश के बड़े-बड़े अपराधियों का समूह है। हत्या करो, लूट करो, बलात्कार करो, भ्रष्टाचार करो। ED/CBI की जाँच हो। *BJP* में जाओ हर प्रकार की सुरक्षा पाओ।'

बता दें कि आम आदमी पार्टी के नेताओं की टिप्पणी महाराष्ट्र में हुए इस राजनीतिक घटनाक्रम की



पृष्ठभूमि में अहम है, जिसमें राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (एनसीपी) के वरिष्ठ नेता अजित पवार ने पार्टी में विभाजन कर दिया और एकनाथ शिंदे के नेतृत्व वाली महाराष्ट्र सरकार में उपमुख्यमंत्री के रूप में शामिल हो गए। राजभवन में आयोजित समारोह में राज्यपाल रमेश बैंस ने जहां अजित पवार को उपमुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाई वहीं एनसीपी के आठ अन्य नेताओं ने मंत्री पद की शपथ ली। आम आदमी पार्टी (आप) ने प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी को आड़े हाथ लेते हुए उन्हें ''भ्रष्टाचार का सबसे बड़ा पोषक' करार दिया और 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक एवं दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने प्रधानमंत्री से सवाल किया कि क्या उन्हें 'शर्म' नहीं आई? पार्टी ने यह टिप्पणी राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) नेता अजित पवार के आठ अन्य विधायकों के साथ एकनाथ शिंदे नीत महाराष्ट्र सरकार में शामिल होने के बाद की। 'आप' के राष्ट्रीय संयोजक और दिल्ली के मुख्यमंत्री अरविंद केजरीवाल ने मोदी से पूछा कि क्या जिन लोगों को 'भ्रष्ट' कहा जाता है उन्हें शिवसेना-भारतीय जनता पार्टी (भाजपा)सरकार में शामिल कर उन्हें 'शर्म' नहीं आई।

मुंबई स्थित राजभवन में आयोजित कार्यक्रम में राज्यपाल रमेश बैस ने अजित पवार को उप मुख्यमंत्री पद की शपथ दिलाई जबकि अन्य आठ राकांपा नेताओं ने मंत्री पद की शपथ ली। महाराष्ट्र सरकार में मंत्री के तौर पर शपथ लेने वाले राकांपा नेताओं में छगन भुजबल, दिलीप वाल्से पाटिल, हसन मुशरिफ, धनंजय मुंडे, अदिति तटकरे, धर्मराव अत्राम, अनिल पाटिल और संजय बनसोडे शामिल हैं। केजरीवाल ने ट्वीट किया, ''कल तक जिनको भ्रष्टाचारी बोलते थे, उन पर सीबीआई/ईडी की रेड(छापेमारी) करते थे, आज उन्हें अपनी सरकार में शामिल कर लिया? शर्म नहीं आई प्रधानमंत्री जी? '

उन्होंने आगे कहा, ''तो जब प्रधानमंत्री जी कहते हैं- एक भी भ्रष्टाचारी को नहीं छोड़ूंगा, उनका मतलब होता है सबको पार्टी में शामिल कर लूंगा।' अजित पवार के कदम के बाद 'आप' के राष्ट्रीय प्रवक्ता संजय सिंह ने भी प्रधानमंत्री पर निशाना साधा। उन्होंने ट्वीट किया,'' नरेन्द्र मोदी देश में भ्रष्टाचार के सबसे बड़े पोषक हैं। दो दिन पहले भ्रष्टाचार पर कार्यवाही की गारंटी दी आज 'चक्की पिसिंग' वाले को उप मुख्यमंत्री, छगन भुजबल को मंत्री बनाया। आज सारे टीवी चैनल मोदी जी की निंदा करेंगे।'

## दिल्ली विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ ओपेन लर्निंग में पीजी कोर्सेस के लिए आवेदन शुरू

**नई दिल्ली।** दिल्ली विश्वविद्यालय के स्कूल ऑफ ओपेन लर्निंग (एसओएल) द्वारा विभिन्न पीजी कोर्सेस और एमबीए में इस साल दाखिले के लिए आवेदन प्रक्रिया शुरू कर दी है। स्कूल द्वारा एसओएल पीजी एडमिशन 2023 के लिए रजिस्ट्रेशन शनिवार, 1 जुलाई को शुरू किए गए और स्टूडेंट्स 14 अगस्त तक अपना पंजीकरण कर सकते हैं। हालांकि, एमबीए कोर्स के लिए उम्मीदवार 15 अगस्त तक रजिस्ट्रेशन कर सकेंगे। पंजीकरण के बाद उम्मीदवारों को निर्धारित शुल्क का भुगतान भी करना होगा, जिसकी आखिरी तारीख डीयू एसओएल द्वारा 31 अगस्त निर्धारित की गई है। स्टूडेंट्स को ध्यान देना चाहिए कि दिल्ली विश्वविद्यालय के एसओएल में पीजी दाखिले के लिए एनटीए द्वारा आयोजित सीयूईटी पीजी 2023 स्कोर का आवश्यक नहीं है। ऐसे में कोई स्टूडेंट अपना रजिस्ट्रेशन कर सकता है। बता दें कि डीयू की एसओएल द्वारा पीजी में दाखिला जिन कोर्सेस में लिया जा रहा है, उनमें एमबीए, एमए हिंदी, एमए हिस्ट्री, एमए पॉलिटिकल साइंस, एमए संस्कृत और एमकॉम शामिल हैं। स्कूल के नोटिफिकेशन के अनुसार स्टूडेंट्स को रजिस्ट्रेशन से पहले कोर्स और ऑप्शन का सेलेक्शन ध्यान से करना चाहिए, क्योंकि अप्लीकेशन सबमिट करने के बाद इसमें संशोधन की अनुमति नही होगी।

(हिन्दी दैनिक)
खबर दृष्टिकोण
स्वामी, प्रकाशक एवं मुद्रक आरती कश्यप द्वारा शौर्य प्रिंटर्स, शिवपुरी कालोनी, निकट बांसमण्डी चौराहा, लखनऊ से मुद्रित एवं 551घ/1316, निकट शराफत जनरल स्टोर, आजाद नगर, आलमबाग, लखनऊ- 226005 (उ.प्र.) से प्रकाशित।
सम्पादक- आरती कश्यप, Mob. : 9555229060,9838938570 Email- khabardrishtikon@gmail.com (सभी विवादों का न्याय क्षेत्र लखनऊ होगा) R.N.I. NO.: UPHIN/2021/82210